जीव के वर्ण नहीं है, गंध भी नहीं है, रस भी नहीं है, स्पर्श भी नहीं है, रूप भी नहीं है, शरीर भी नहीं है, संस्थान (आकार) भी नहीं है, संहनन भी नहीं है। जीव के राग नहीं है, द्वेष भी नहीं है, मोह भी नहीं हैं, आस्रव भी नहीं है, कर्म भी नहीं है, उसके नोकर्म भी नहीं है। जीव के वर्ग नहीं है, वर्गणा नहीं है, कोई स्पर्धक भी नहीं है, अध्यात्मस्थान भी नहीं है और अनुभागस्थान भी नहीं है। जीव के कोई योगस्थान नहीं है, बंधस्थान भी नहीं है और उदयस्थान भी नहीं है, कोई मार्गणास्थान भी नहीं है। जीव के स्थितिबंधस्थान भी नहीं है, संक्लेशस्थान भी नहीं है, विशुद्धिस्थान भी नहीं है, संयमलब्धिस्थान भी नहीं है और जीवस्थान भी नहीं है और जीव के गुणस्थान नहीं है, क्योंकि ये सब पुद्‌गल के परिणमन हैं।

In the pure soul there is no colour *(varṇa)*, no smell *(gandh)*, no taste *(rasa)*, no touch *(sparşa)*, no form *(rūpa)*, no body *(şarīra)*, no shape *(saṃsthāna)*, and no skeletal structure *(saṃhanana)*. The soul has no attachment *(rāga)*, no aversion *(dveşa)*, no delusion *(moha)*, no influx of karmic matter *(āsrava)*, no karma *(karma)*, and no quasi-karmic matter *(nokarma)*. It has no class of potency of karmic matter *(varga)*, no types of karmic molecules *(vargaṇā)*, no aggregates of karmic molecules

*(spardhaka)*, no ego-consciousness of different types *(adhyatmasthāna)*, and no karmic manifestations *(anubhāgasthāna)*. There is no yoga activity *(yogasthāna)*, no bondage *(bandhasthāna)*, no fruition *(udayasthāna)*, and no variations according to the method of inquiry into its nature *(mārgaṇāsthāna)*. The pure soul has no place for duration of bondage *(sthitibandhasthāna)*, no emotional excitement *(saṃkleşasthāna)*, no self-purification *(vişuddhisthāna)*, no self-restraint *(saṃyamlabdhisthāna)*. It has no classes of biological development *(jīvasthāna)*, and no stages of spiritual development *(guṇasthāna)*, as all the above mentioned attributes are manifestations of material conditions.

---

जीव का नयसापेक्ष स्वरूप -

**ववहारेण दु एदे जीवस्स हवंति वण्णमादीया।**
**गुणठाणंता भावा ण दु केई णिच्छयणयस्स।। (2-18-56)**

ये वर्ण से लेकर गुणस्थानपर्यन्त भाव व्यवहार नय से जीव के होते हैं, परन्तु निश्चय नय के मत में उनमें से कोई भी जीव के नहीं हैं।

The above mentioned attributes, from colour to stages of spiritual development, belong to the soul from the empirical point of view *(vyavahāra naya)*, but from the transcendental point of view *(nişchaya naya)*, none of these belongs to the soul.

---

जीव का पुद्गल के साथ सम्बन्ध -

**एदेहि य संबंधो जहेव खीरोदयं मुणेदव्वो।**
**ण य होंति तस्स ताणि दु उवओगगुणाधिगो जम्हा।।**

**(2-19-57)**

इन वर्णादिक भावों के साथ जीव का सम्बन्ध दूध और जल के समान (संयोग-सम्बन्ध) मननपूर्वक जानना चाहिये; और वे वर्णादिक भाव जीव के नहीं हैं क्योंकि जीव उपयोगगुण से परिपूर्ण है।

The association of the soul with these attributes, like colour etc., must be understood as the mixing of milk with water. These attributes are not part of the soul as the soul's characteristic is consciousness.

---

जीव में वर्णादि का कथन व्यवहार नय से है -

**पंथे मुस्संतं पस्सिदूण लोगा भणंति ववहारी।**
**मुस्सदि एसो पंथो ण य पंथो मुस्सदे कोई।। (2-20-58)**

**तह जीवे कम्माणं णोकम्माणं च पस्सिदुं वण्णं।**
**जीवस्स एस वण्णो जिणेहि ववहारदो उत्तो।। (2-21-59)**

**गंधरसफासरूवा देहो संठाणमाइया जे य।**
**सव्वे ववहारस्स य णिच्छयदण्हू ववदिसंति।। (2-22-60)**

मार्ग में किसी को लुटता हुआ देखकर व्यवहारी जन कहते हैं कि यह मार्ग लुटता है,

किन्तु कोई मार्ग नहीं लुटता (वस्तुतः पथिक लुटते हैं), इसी प्रकार जीव में कर्मों और नोकर्मों का वर्ण देखकर जीव का यह वर्ण है, ऐसा जिनेन्द्रदेव ने व्यवहार से कहा है। इसी प्रकार गंध, रस, स्पर्श, रूप, शरीर और जो संस्थान आदि जीव के हैं, वे सब व्यवहार से निश्चयदर्शी कहते हैं।

When someone gets robbed on a road, people, conventionally, say, "This road gets robbed," but in actual, no road gets robbed (only the traveller gets robbed). In the same way, as an illustration, the Omniscient Lord describes, from the empirical point of view *(vyavahāra naya)*, the colour of the material entities of karma, and the quasi-karmic matter *(nokarma)*, to be the attribute of the soul. Similarly, attributes like smell, taste, touch, form, body, and shape of the soul are predicated by the all-knowing only from the empirical point of view *(vyavahāra naya)*.

---

संसारी जीवों के वर्णादि का सम्बन्ध -

**तत्थ भवे जीवाणं संसारत्थाण होंति वण्णादी।**
**संसारपमुक्काणं णत्थि दु वण्णादओ केई।। (2-23-61)**

संसार अवस्था में संसारी जीवों के वर्णादि भाव होते हैं। संसार से मुक्त जीवों के तो कोई वर्णादि नहीं हैं।

So long as the souls have embodied existence in the world *(saṃsāra)* attributes of colour etc., are said to be present in them. There are no attributes of colour etc. in liberated souls.

---

जीव और वर्णादि का तादात्म्य मानने में दोष -

**जीवो चेव हि एदे सव्वे भाव त्ति मण्णसे जदि हि।**
**जीवस्साजीवस्स य णत्थि विसेसो दु दे कोई।। (2-24-62)**

जीव का वर्णादि से तादात्म्य सम्बन्ध मानने वालों को समझाते हुए कहते हैं- यदि तू ऐसा मानता है कि ये समस्त भाव वास्तव में जीव ही हैं तो तेरे मत में जीव और अजीव के मध्य कोई भेद नहीं रहता।

(Refuting those who assume that the soul and its colour etc. are but the same, the *Āchārya* says –) If you maintain that all these attributes really pertain to the soul itself, then, in your opinion, there would be no difference, whatsoever, between the soul and the non-soul.

---

पूर्वोक्त कथन का और स्पष्टीकरण -

**अह संसारत्थाणं जीवाणं तुज्झ होंति वण्णादी।**
**तम्हा संसारत्था जीवा रूवित्तमावण्णा।। (2-25-63)**

**एवं पोंग्गलदव्वं जीवो तहलक्खणेण मूढमदी।**
**णिव्वाणमुवगदो वि य जीवत्तं पोंग्गलो पत्तो।। (2-26-64)**

अथवा यदि तेरे मत में संसार में स्थित जीवों के वर्णादिक (तादात्म्य रूप से) होते हैं तो इस कारण संसार में स्थित जीव रूपीपने को प्राप्त हो गये। इस प्रकार हे मूढ़मते! रूपित्व लक्षण पुद्‌गल द्रव्य का होने से पुद्‌गल द्रव्य ही जीव कहलाया और (संसार दशा में ही नहीं) निर्वाण प्राप्त होने पर भी पुद्‌गल ही जीवत्व को प्राप्त हो गया।

Or else, if you maintain that the colour etc. of worldly beings are indistinguishable from the attributes of the souls, then these souls will be assumed to be endowed with physical form. In this way, O deluded person, a soul endowed with physical form will be made up of physical matter and then, not only in its worldly existence but also in its emancipated state, physical matter will acquire the status of a *jīva*.

---

जीवस्थान जीव नहीं है –

**ऍक्कं च दोंण्णि तिण्णि य चत्तारि य पंचइंदिया जीवा।**
**बादरपज्जत्तिदरा पयडीओ णामकम्मस्स।।** **(2-27-65)**

**एदाहि य णिव्वत्ता जीवट्ठाणा दु करणभूदाहिं।**
**पयडीहिं पोंग्गलमइहि ताहि किह भण्णदे जीवो।।** **(2-28-66)**

एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तीनइन्द्रिय, चारइन्द्रिय, पंचेन्द्रिय, वादर, पर्याप्त और इनसे इतर सूक्ष्म और अपर्याप्त जीव ये नामकर्म की प्रकृतियाँ हैं। इन करणभूत प्रकृतियों से, जो पौद्गलिक हैं उनमें तो जीवस्थान रचे गये हैं। तब वे जीव किस प्रकार कहे जा सकते हैं?

Living beings with one, two, three, four, and five senses, gross and fully developed, and their opposite, subtle and undeveloped, are classes based on their physique-making karma *(nāma karma)*. The classes of living beings *(jīvasthāna)* are the result of physique-making karma *(nāma karma)* and since the causal conditions are physical in nature, how can these be identified with the nature of the soul?

---

देह की जीव संज्ञा व्यवहार से है -

**पज्जत्तापज्जत्ता जे सुहुमा बादरा य जे जीवा।**
**देहस्स जीवसण्णा सुत्ते ववहारदो उत्ता।। (2-29-67)**

जो पर्याप्त तथा अपर्याप्त और जो सूक्ष्म तथा वादर जीव कहे गये हैं, वे देह की अपेक्षा जीव संज्ञाएँ हैं। वे सब परमागम में व्यवहार नय से कही गई हैं।

The developed and undeveloped, and subtle and gross, are classifications of living beings, termed *jīvas*, from the standpoint of their physical constitution. And the scriptures convey this from the empirical point of view *(vyavahāra naya)*.

---

गुणस्थान जीव नहीं हैं -

**मोहणकम्मस्सुदया दु वण्णिदा जे इमे गुणट्ठाणा।**
**ते किह हवंति जीवा जे णिच्चमचेदणा उत्ता।। (2-30-68)**

जो ये गुणस्थान हैं, वे मोहनीय कर्म के उदय से बतलाये गये हैं। जो नित्य अचेतन कहे गये हैं, वे जीव किस प्रकार हो सकते हैं?

The stages of spiritual development *(guṇasthāna)* are stated to be the result of deluding karmas *(mohanīya karma)*. How can these, which are eternally non-conscious, be identified with the conscious *jīva*?

---

**इदि दुदियो जीवाजीवाधियारो समत्तो**

# तिदियो कत्तिकम्माधियारो

## THE DOER AND THE KARMA

जीव के कर्म-बन्ध कैसे होता है -

**जाव ण वेदि विसेसंतरं तु आदासवाण दोण्हं पि।**
**अण्णाणी ताव दु सो कोहादिसु वट्टदे जीवो।। (3-1-69)**

**कोहादिसु वट्टंतस्स तस्स कम्मस्स संचओ होदि।**
**जीवस्सेवं बंधो भणिदो खलु सव्वदरिसीहिं।। (3-2-70)**

जीव जब तक आत्मा और आस्त्रव दोनों के ही (भिन्न-भिन्न) लक्षण और भेद को नहीं जानता है, तब तक वह अज्ञानी क्रोधादिक आस्त्रवों में प्रवृत्त रहता है। क्रोधादिक आस्त्रवों में वर्तते हुए उसके कर्मों का संचय होता है। वास्तव में जीव के इस प्रकार कर्मों का बन्ध सर्वज्ञदेवों ने बताया है।

So long as the soul *(jīva)* does not recognize the differences in the attributes of the Self and the influx of karmas, it remains ignorant, and indulges in baser emotions like anger. The Omniscients declare that while indulging in anger etc., the soul accumulates karmic matter and, in this manner, bondage takes place.

ज्ञान से बन्ध का निरोध -

**जइया इमेण जीवेण अप्पणो आसवाण य तहेव।**
**णादं होदि विसेसंतरं तु तइया ण बंधो से।।** **(3-3-71)**

जब यह जीव आत्मा का और आस्रवों का (भिन्न-भिन्न) लक्षण और भेद जान लेता है, तब उसके कर्मबन्ध नहीं होता।

When the soul *(jīva)* is able to recognize the differences in the attributes of the Self and the influx of karmas, then fresh bondage does not take place.

---

भेदज्ञान से आस्रव-निवृत्ति -

**णादूण आसवाणं, असुचित्तं च विवरीदभावं च।**
**दुक्खस्स कारणं त्ति य, तदो णियत्तिं कुणदि जीवो।।**
**(3-4-72)**

आस्रवों का अशुचिपना, इनका विपरीत भाव और वे दुःख के कारण हैं, यह जानकर जीव उनसे निवृत्ति करता है।

After knowing that karmic influxes are impure, of nature contrary to the Self, and the cause of misery, the Self abstains from them.

---

आत्म स्वभाव में स्थिति से आस्रवों का क्षय -

**अहमेक्को खलु सुद्धो य णिम्ममो णाणदंसणसमग्गो।**
**तम्हि ठिदो तच्चित्तो सव्वे एदे खयं णेमि।। (3-5-73)**

(ज्ञानी विचार करता है कि-) मैं निश्चय ही एक हूँ, शुद्ध हूँ, ममत्वरहित हूँ और ज्ञान-दर्शन से परिपूर्ण हूँ। (उक्त लक्षण वाले) शुद्धात्मस्वरूप में स्थित और सहजानन्द स्वरूप में तन्मय हुआ मैं इन सब (क्रोधादिक आस्रवों) को नष्ट करता हूँ।

(The well-informed asserts that –) I am really one, pure, free from possessive desires, and replete with knowledge and perception. Resting on pure consciousness (with the above-mentioned attributes), and self-contented, I lead all the karmic influxes (like anger) to destruction.

---

ज्ञानी आस्रवों से निवृत्त होता है -

**जीवणिबद्धा एदे अधुव अणिच्चा तहा असरणा य।**
**दुक्खा दुक्खफला त्ति य णादूण णिवत्तदे तेहिं।। (3-6-74)**

ये क्रोधादि आस्रव जीव के साथ निबद्ध हैं, अध्रुव हैं, अनित्य हैं तथा अशरण हैं (रक्षा करने में समर्थ नहीं हैं) और ये दुःखरूप हैं और दुःखरूप फल देने वाले हैं। यह जानकर (ज्ञानी) उन आस्रवों से निवृत्त होता है।

These influxes like anger are associated with the soul, destructible, evanescent, incapable of providing refuge, misery themselves, and result into misery. Knowing this, the well-informed abandons them.

---

ज्ञानी की पहिचान -

**कम्मस्स य परिणामं णोकम्मस्स य तहेव परिणामं।**
**ण करेदि एदमादा जो जाणदि सो हवदि णाणी।। (3-7-75)**

जो आत्मा इस कर्म के परिणाम को, इसी प्रकार नोकर्म के परिणाम को नहीं करता है, अपितु जो जानता है, वह ज्ञानी है।

The Self who does not get involved in the adoption of the karmic matter, and, in the same way, the quasi-karmic matter *(nokarma)*, but is aware of these, is knowledgeable.

---

ज्ञानी परद्रव्य की पर्यायों में परिणमन नहीं करता -

**ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।**
**णाणी जाणंतो वि हु पोंग्गलकम्मं अणेयविहं।। (3-8-76)**

ज्ञानी अनेक प्रकार के पौद्गलिक कर्मों को जानता हुआ भी निश्चय से परद्रव्य की पर्यायों में न उन स्वरूप परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है, न उन रूप उत्पन्न होता है।

The knower, while knowing the various kinds of karmic matter, surely does not manifest himself in the modifications of alien substances, or assimilate them, or transmute in their form.

---

ज्ञानी अपने परिणामों को जानता है -

**ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।**
**णाणी जाणंतो वि हु सगपरिणामं अणेयविहं।। (3-9-77)**

ज्ञानी अनेक प्रकार के अपने परिणामों का जानता हुआ भी निश्चय से परद्रव्य की पर्यायों में न तो परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है, न उन रूप उत्पन्न ही होता है।

The knower, while knowing the various modes of his own thought-dispositions, surely does not manifest himself in the modifications of alien substances, or assimilate them, or transmute in their form.

---

ज्ञानी कर्म-फल को जानता है -

**ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।**
**णाणी जाणंतो वि हु पोंग्गलकम्मफलं अणंतं।। (3-10-78)**

ज्ञानी पौद्‌गलिक कर्मों के अनन्त फल का जानता हुआ भी निश्चय से परद्रव्यों के पर्यायों में न तो परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है, न उन रूप उत्पन्न होता है।

The knower, while knowing the various fruits of karmic matter, surely does not manifest himself in the modifications of alien substances, or assimilate them, or transmute in their form.

---

पुद्गल द्रव्य पररूप परिणमन नहीं करता -

**ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।**
**पोंग्गलदव्वं पि तहा परिणमदि सगेहि भावेहिं।। (3-11-79)**

पुद्गल द्रव्य भी परद्रव्य की पर्यायों में उस रूप न तो परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है, न उन रूप उत्पन्न होता है, क्योंकि वह तो अपने ही भावों से परिणमन करता है।

The physical matter too does not manifest itself in the modes of any foreign substance, or assimilate them, or transmute in their form, because it manifests in its own state or form.

---

जीव और पुद्गल के परिणामों में निमित्त-नैमित्तिक भाव है -

**जीव परिणामहेदुं कम्मत्तं पोंग्गला परिणमंति।**
**पोंग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमदि।। (3-12-80)**

**ण वि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो कम्मं तहेव जीवगुणे।**
**अण्णोंण्णणिमित्तेण दु परिणामं जाण दोण्हं पि।। (3-13-81)**

**एदेण कारणेण दु कत्ता आदा सगेण भावेण।**
**पोंग्गलकम्मकदाणं ण दु कत्ता सव्वभावाणं।। (3-14-82)**

पुद्गल जीव के (रागादि) परिणाम के निमित्त से कर्म रूप से परिणमित होते हैं। इसी प्रकार जीव भी (मोहनीय आदि) पुद्गलकर्म निमित्त से (रागादि भाव रूप से)

परिणमन करता है। जीव कर्म के गुणों को नहीं करता है। इसी प्रकार कर्म जीव के गुणों को नहीं करता है; परन्तु एक–दुसरे के निमित्त से इन दोनों के परिणाम जानो। इस कारण से आत्मा अपने ही भावों से कर्ता है, परन्तु पुद्गल कर्म के द्वारा किये गये समस्त भावों का कर्ता नहीं है।

Physical matter gets transformed into karmic matter due to soul's passions like attachment. Similarly, *jīva* also, conditioned by karmic matter like delusion, gets transformed, showing tendencies of attachment etc. *Jīva* does not produce changes in the attributes of the karma, nor does the karma produce changes in the attributes of the *jīva*. It should be understood that these two get modified as a result of one conditioning the other due to mutual interaction. As such, the soul is the creator as far as its own attributes are concerned, but not the creator of all the attributes that are due to its association with karmic matter.

---

निश्चयनय से आत्मा अपना ही कर्ता और भोक्ता है –

**णिच्छयणयस्स एवं आदा अप्पाणमेव हि करेदि।**
**वेदयदि पुणो तं चेव जाण अत्ता दु अत्ताणं।।** **(3-15-83)**

(निश्चयनय का इस प्रकार मत है कि) आत्मा अपने को ही करता है और फिर आत्मा अपने को ही भोगता है, ऐसा तू जान।

From the pure, transcendental point of view *(nişchaya naya)* – know that the Self produces only his own self, and, again, the Self enjoys his own self.

---

व्यवहार से आत्मा पुद्‌गल कर्मों का कर्ता और भोक्ता है -

**ववहारस्स दु आदा पोग्गलकम्मं करेदि णेयविहं।**
**तं चेव य वेदयदे पोग्गलकम्मं अणेयविहं।। (3-16-84)**

व्यवहार नय का मत है कि आत्मा अनेक प्रकार के पुद्‌गल कर्मों को करता है और उन्हीं अनेक प्रकार के पुद्‌गल कर्मों को भोगता है।

It is only from the empirical point of view *(vyavahāra naya)* that the Self is the creator of various kinds of karmic matter, and then enjoys the fruits thereof.

---

व्यवहार की मान्यता में दोष -

**जदि पोग्गलकम्ममिणं कुव्वदि तं चेव वेदयदि आदा।**
**दोकिरियावादिरित्तो पसज्जदे सो जिणावमदं।। (3-17-85)**

यदि आत्मा इस पुद्‌गल कर्म को करता है और उसी को भोगता है तो दो क्रियाओं से अभिन्न होने का प्रसंग आता है। ऐसा मानना जिनेन्द्रदेव के मत के विपरीत है।

***विशेष*** - क्रिया वस्तुतः परिणाम है और परिणाम क्रिया के कर्ता परिणामी से अभिन्न होता है। जीव जिस प्रकार अपने परिणाम को करता है और उसी को भोगता है उसी प्रकार यदि वह पुद्‌गलकर्म को करे और उसी को भोगे तो जीव अपनी और पुद्‌गल की - दोनों की - क्रियाओं से अभिन्न हो जाएगा। दो द्रव्यों की क्रिया एक द्रव्य करता है, ऐसा मानना जिनेन्द्रदेव के सिद्धान्त के विरुद्ध है।

If the Self creates the karmic matter and then enjoys the consequences thereof, it will lead to the hypothesis of a single

cause producing two different effects. This is in conflict with the Jaina doctrine.

***Note:*** Action *(kriyā)* actually leads to mode *(paryāya)* and the mode of a substance cannot be altogether different from the substance itself. As the Self produces his own modes, and, again, enjoys results thereof, and if he also creates the karmic matter and then enjoys the consequences thereof, then the Self will be no different from the two actions – of self and of karmic matter. To hypothesize that a single substance produces *kriyā* in two substances is against the doctrine of the Omniscient Lord.

---

दो किरियावादी मिथ्यादृष्टि हैं -

**जम्हा दु अत्तभावं पोग्गलभावं च दो वि कुव्वंति।**
**तेण दु मिच्छादिट्ठी दो-किरियावादिणो होंति।। (3-18-86)**

क्योंकि आत्मा, आत्मा के भाव को और पुद्गल के भाव (परिणाम) को - दोनों को - करता है। ऐसा मानने के कारण दो-किरियावादी (एक द्रव्य द्वारा दो द्रव्यों के परिणाम किये जाते हैं, ऐसा मानने वाले) मिथ्यादृष्टि होते हैं।

Those who believe that the *jīva* or the Self is the producer of modifications in both – his own self, and in the physical matter, i.e., one single substance producing modifications in two substances, are of erroneous faith.

---

मिथ्यात्वादि भाव दो प्रकार के हैं -

**मिच्छत्तं पुण दुविहं जीवमजीवं तहेव अण्णाणं।**
**अविरदि जोगो मोहो कोहादीया इमे भावा॥ (3-19-87)**

पुनः मिथ्यात्व दो प्रकार का है - जीवमिथ्यात्व और अजीवमिथ्यात्व। इसी प्रकार अज्ञान, अविरति, योग, मोह और क्रोध आदि कषाय - ये सभी भाव (जीव-अजीव के भेद से) दो-दो प्रकार के हैं।

Again, erroneous faith is of two kinds – one pertaining to the *jīva* or soul, and the other pertaining to *ajīva* or non-soul. Similarly, nescience *(ajńāna)*, non-abstinence *(avirati)*, actions of the body, the organ of speech and the mind *(yoga)*, delusion *(moha)*, and passions *(kaşāya)* like anger, are of two kinds (in respect of being *jīva* or *ajīva*) each.

---

अजीव और जीव मिथ्यात्वादि भाव -

**पोंग्गलकम्मं मिच्छं जोगो अविरदि-अणाणमज्जीवं।**
**उवओगो अण्णाणं अविरदि मिच्छं च जीवो दु॥ (3-20-88)**

जो मिथ्यात्व, योग, अविरति और अज्ञान अजीव हैं, वे पुद्‌गल कर्म हैं और जो अज्ञान, अविरति और मिथ्यात्व जीव हैं, वे उपयोगरूप हैं।

Erroneous faith, actions of the body, the organ of speech and the mind, non-abstinence, and nescience, which are of the nature of *ajīva*, are karmic matter. And nescience, non-abstinence, and erroneous faith, which are of the nature of *jīva*, are modes of consciousness *(upayogarūpa)*.

---

मोहयुक्त जीव के अनादिकालीन परिणाम -

**उवओगस्स अणाई परिणामा तिण्णि मोहजुत्तस्स।**
**मिच्छत्तं अण्णाणं अविरदिभावो य णादव्वो।।** **(3-21-89)**

मोह से युक्त उपयोग के तीन अनादिकालीन परिणाम हैं। वे (तीन परिणाम) मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरतिभाव जानने चाहिये।

The consciousness, conditioned by delusion, undergoes three different kinds of modifications perpetually. These three modifications must be known as erroneous faith, nescience, and non-abstinence.

---

उपयोग विकारी भाव का कर्ता है -

**एदेसु य उवओगो तिविहो सुद्धो णिरंजणो भावो।**
**जं सो करेदि भावं उवओगो तस्स सो कत्ता।।** **(3-22-90)**

(मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति) इन तीनों का निमित्त मिलने पर भी आत्मा का उपयोग (यद्यपि निश्चय नय से) शुद्ध, निरंजन और एकभाव है, फिर भी तीन प्रकार के परिणाम वाला वह उपयोग जिस (विकारी) भाव को करता है, वह उसी भाव का कर्ता होता है।

Although the consciousness of the soul is inherently pure, flawless, and of unified disposition, when conditioned by the above mentioned three impurities (erroneous faith, nescience, and non-abstinence), it becomes the causal agent of corresponding psychic imperfections.

---

आत्मा जिस भाव को करता है, वह उस भाव का कर्ता होता है -

**जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स भावस्स।**
**कम्मत्तं परिणमदे तम्हि सयं पोंग्गलं दव्वं।। (3-23-91)**

आत्मा जिस भाव को करता है, वह उस भाव का कर्ता होता है। उसके कर्ता होने पर पुद्गल द्रव्य स्वयं कर्मरूप परिणमित होता है।

The soul itself is the causal agent of whatever impure modifications it undergoes. As the soul turns into a causal agent, physical matter gets transformed into karmic matter.

---

अज्ञान से कर्मों का कर्तृत्व है -

**परमप्पाणं कुव्वं अप्पाणं पि य परं करंतो सो।**
**अण्णोणमओ जीवो कम्माणं कारगो होदि।। (3-24-92)**

पर को अपने रूप करता हुआ और अपने को पररूप करता हुआ वह अज्ञानी जीव कर्मों का कर्ता होता है।

Believing non-self to be self, and self to be non-self, the ignorant soul becomes the causal agent of various karmas.

---

ज्ञानी कर्मों का कर्ता नहीं होता -

**परमप्पाणमकुव्वं अप्पाणं पि य परं अकुव्वंतो।**
**सो णाणमओ जीवो कम्माणमकारगो होदि॥** **(3-25-93)**

जो पर को अपने रूप नहीं करता और जो अपने को भी पर रूप नहीं करता, वह ज्ञानी जीव कर्मों का कर्ता नहीं होता।

The knowing Self, who does not engender feelings of non-self as self, and self as non-self; that Self does not become the causal agent of various karmas.

---

अज्ञानी अपने विकारी भाव का कर्ता है -

**तिविहो एसुवओगो अप्पवियप्पं करेदि कोहो हं।**
**कत्ता तस्सुवओगस्स होदि सो अत्तभावस्स॥** **(3-26-94)**

यह (मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति रूप) तीन प्रकार का उपयोग 'मैं क्रोध हूँ' ऐसा आत्मविकल्प करता है। वह आत्मा उस उपयोग रूप अपने भाव का कर्ता होता है।

The Self, conditioned by the three impurities (erroneous faith, nescience, and non-abstinence), indulges in such self-assertions as "I am anger". That Self becomes the causal agent of impure modifications in his consciousness.

---

इसी बात को विशेष रूप से कहते हैं -

**तिविहो एसुवओगो अप्पवियप्पं करेदि धम्मादी।**
**कत्ता तस्सुवओगस्स होदि सो अत्तभावस्स।। (3-27-95)**

वह (मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति रूप) तीन प्रकार का उपयोग 'मैं धर्मादिक हूँ' ऐसा आत्मविकल्प करता है। वह आत्मा उस उपयोगरूप अपने भाव का कर्ता होता है।

Conditioned by the three impurities (erroneous faith, nescience, and non-abstinence), the Self indulges in such self-assertions as "I am *dharma* etc.". That Self becomes the causal agent of impure modifications in his consciousness.

---

कर्तृत्व का मूल अज्ञान है -

**एवं पराणि दव्वाणि अप्पयं कुणदि मंदबुद्धीए।**
**अप्पाणं अवि य परं करेदि अण्णाणभावेण।। (3-28-96)**

इस प्रकार मन्दबुद्धि (अज्ञानी) अज्ञानभाव से परद्रव्यों को अपने रूप करता है और अपने को भी पररूप करता है।

In this way, a person of dull intellect, due to his ignorance, considers alien substances to be the Self, and also the Self to be alien substances.

---

ज्ञान से कर्तृत्व का त्याग होता है -

**एदेण दु सो कत्ता आदा णिच्छयविदूहिं परिकहिदो।**
**एवं खलु जो जाणदि सो मुंचदि सव्वकत्तित्तं॥ (3-29-97)**

इस पूर्वोक्त कारण से निश्चय के ज्ञाताओं ने वह कर्ता कहा है। इस प्रकार वस्तुत: जो जानता है, वह सब कर्तृत्व को छोड़ देता है।

Because of the aforesaid reason, the knowers of reality call such a soul as a causal agent of various karmas. Whoever realizes the truth, gives up all causal relationship with alien substances.

---

व्यवहारी जनों का व्यामोह -

**ववहारेण दु आदा करेदि घडपडरधादिदव्वाणि।**
**करणाणि य कम्माणि य णोकम्माणीह विविहाणि॥**
**(3-30-98)**

व्यवहार से (व्यवहारी जन ऐसा मानते हैं कि) जगत में आत्मा घट-पट-रथ आदि वस्तुओं को और इन्द्रियों को, अनेक प्रकार के क्रोधादि कर्मों को और शरीरादि नोकर्मों को करता है।

The Self, in this worldly life, is identified, from the empirical point of view *(vyavahāra naya)*, as the producer of articles such as a pot, a cloth or a chariot, besides the sense organs, various types of karmas like anger, and the quasi-karmic matter *(nokarma)*.

---

व्याप्य-व्यापक भाव से आत्मा कर्ता नहीं है -

**जदि सो परदव्वाणि य करेंज्ज णियमेण तम्मओ होंज्ज।**
**जम्हा ण तम्मओ तेण सो ण तेसिं हवदि कत्ता॥ (3-31-99)**

यदि वह (आत्मा) परद्रव्यों को करे तो नियम से वह तन्मय (परद्रव्यमय) हो जाए; क्योंकि वह तन्मय नहीं होता, इस कारण वह कर्ता नहीं है।

If the Self is the producer of these alien substances then, surely, he shall amalgamate with them; since this amalgamation does not take place, the Self cannot be their producer.

---

निमित्त-नैमित्तिक भाव से भी जीव कर्ता नहीं है -

**जीवो ण करेदि घडं णेव पडं णेव सेसगे दव्वे।**
**जोगुवओगा उप्पादगा य तेसिं हवदि कत्ता॥ (3-32-100)**

जीव घट को नहीं करता, न ही पट को करता है, न ही शेष द्रव्यों को करता है। जीव के योग और उपयोग घटादि के उत्पन्न करने में निमित्त हैं। उन योग और उपयोग का कर्ता जीव है।

The Self does not produce a pot, or cloth or any other substances. Only his *yoga*, the three-fold activity, and *upayoga*, the consciousness, are instrumental causes in producing the pot etc. The Self is responsible for these – *yoga* and *upayoga*.

---

ज्ञानी ज्ञान का ही कर्ता है -

**जे पोंग्गलदव्वाणं परिणामा होंति णाण-आवरणा।**
**ण करेदि ताणि आदा जो जाणदि सो हवदि णाणी॥**

**(3-33-101)**

जो ज्ञानावरणादिक पुद्‌गल द्रव्यों के परिणाम हैं, उन्हें जो आत्मा नहीं करता, (परन्तु जो) जानता है, वह ज्ञानी है।

The Self who does not engage in doing karmas, such as knowledge-obscuring karma, which are consequences of the karmic matter, but only knows these karmas, is the knower.

---

अज्ञानी अज्ञान भावों का कर्ता है -

**जं भावं सुहमसुहं करेदि आदा स तस्स खलु कत्ता।**
**तं तस्स होदि कम्मं सो तस्स दु वेदगो अप्पा॥** **(3-34-102)**

आत्मा जिस शुभ या अशुभ भाव को करता है, वह उस भाव का निश्चय ही कर्ता होता है। वह भाव उसका कर्म होता है, वह आत्मा उस भावरूप कर्म का भोक्ता होता है।

Whatever psychic disposition, virtuous or wicked, the Self engages in, he is definitely the author of the disposition. The disposition becomes his karma and he is the enjoyer of the fruits of this psycho-physical karmic matter *(bhāv karma)*.

---

कोई द्रव्य परभाव को नहीं करता -

**जो जम्हि गुणे दव्वे सो अण्णम्हि दु ण संकमदि दव्वे।**
**सो अण्णमसंकंतो किह तं परिणामए दव्वं।।** **(3-35-103)**

जो वस्तु जिस द्रव्य और गुण में (वर्तती है), वह अन्य द्रव्य (और गुण) में संक्रमण नहीं करती। अन्य में संक्रमण न करती हुई वह वस्तु उस (अन्य) द्रव्य को किस प्रकार परिणमन करा सकती है।

The matter and quality of a substance are not transmittable into the matter (and quality) of another substance. Being non-transmittable, how can a substance change the modes of another substance?

---

आत्मा पुद्‌गल कर्मों का कर्ता नहीं है -

**दव्वगुणस्स य आदा ण कुणदि पोंग्गलमयम्हि कम्मम्हि।**
**तं उहयमकुव्वंतो तम्हि कहं तस्स सो कत्ता।।** **(3-36-104)**

आत्मा पुद्‌गलमय कर्म में (अपने) द्रव्य और गुण का (संक्रमण) नहीं करता। उसमें द्रव्य और गुण दोनों का (संक्रमण) न करता हुआ वह (आत्मा) उस पुद्‌गल कर्म का कर्ता किस प्रकार हो सकता है?

The soul does not transmit its matter and quality into karmic matter. How then, without transmitting its matter and quality, can it be considered a causal agent for producing the karmic matter?

---

आत्मा उपचार से पुद्गल कर्म का कर्ता कहा है -

**जीवम्हि हेदुभूदे बंधस्स दु पस्सिदूण परिणामं।**
**जीवेण कदं कम्मं भण्णदि उवयारमेत्तेण।। (3-37-105)**

जीव के निमित्तभूत होने पर ज्ञानावरणादि बन्ध का परिणमन देखकर 'जीव ने कर्म किया' यह उपचार मात्र से कहा जाता है।

The soul is perceived as an extrinsic agent for the modifications of karmic bondages (knowledge-obscuring karma, etc.) and it is figuratively said that the karma has been produced by the soul.

---

व्यवहार से कर्मों का कर्तृत्व -

**जोधेहि कदे जुद्धे रायेण कदं त्ति जंपदे लोगो।**
**तह ववहारेण कदं णाणावरणादि जीवेण।। (3-38-106)**

योद्धाओं के द्वारा युद्ध करने पर 'राजा ने युद्ध किया' इस प्रकार लोग कहते हैं। उसी प्रकार ज्ञानावरणादि कर्म जीव ने किया, यह व्यवहार से कहा जाता है।

A war is fought by the warriors, still it is figuratively said that the king is at war. Similarly it is said from the empirical point of view, that the *jīva,* or the soul, has produced the karma.

---

व्यवहार से आत्मा पुद्गल का कर्ता है -

**उप्पादेदि करेदि य बंधदि परिणामएदि गिण्हदि य।**
**आदा पोंग्गलदव्वं ववहारणयस्स वत्तव्वं।।** **(3-39-107)**

आत्मा पुद्गल द्रव्य को उपजाता है, कराता है, बाँधता है, परिणमन कराता है और ग्रहण करता है, यह व्यवहार नय का कथन है।

That the soul originates, produces, binds, changes the modes, and assimilates the karmic matter is said from the empirical point of view *(vyavahāra naya)*.

---

दृष्टान्तपूर्वक व्यवहार का कथन -

**जय राया ववहारा दोसगुणुप्पादगो त्ति आलविदो।**
**तह जीवो ववहारा दव्वगुणुप्पादगो भणिदो।।** **(3-40-108)**

जैसे राजा (प्रजा में) दोष और गुणों का उत्पन्न करने वाला है, यह व्यवहार से कहा जाता है; उसी प्रकार जीव व्यवहार से द्रव्य और गुणों का उत्पादक कहा गया है।

As a king is metaphorically said to be the producer of vice or virtue in his subjects, similarly, the soul is said to be the producer of the substance and quality of the physical matter from the empirical point of view.

---

कर्म-बन्ध के चार मूल कारण -

**सामण्णपच्चया खलु चउरो भण्णंति बंधकत्तारो।**
**मिच्छत्तं अविरमणं कसायजोगा य बोद्धव्वा।।** **(3-41-109)**

**तेसिं पुणो वि य इमो भणिदो भेदो दु तेरसवियप्पो।**
**मिच्छादिट्ठी आदी जाव सजोगिस्स चरमंतं।।** **(3-42-110)**

वास्तव में चार सामान्य प्रत्यय (मूलप्रत्यय-आस्रव) बन्ध के कर्ता कहे जाते हैं। (वे) मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग जानने चाहियें और फिर उनका तेरह प्रकार का भेद कहा गया है। (वे भेद) मिथ्यादृष्टि से लेकर सयोग केवली के चरम समय पर्यन्त हैं।

In reality, four primary conditions of influx of karmas are said to be the causal agents bringing about karmic bondage. These must be understood to be wrong belief *(mithyātva)*, non-abstinence *(avirati)*, gross passions *(kaşāya)*, and actions of the body, the organ of speech and the mind *(yoga)*. These have been further subdivided into thirteen secondary conditions. The thirteen conditions exist, to different extent, in various stages of spiritual development *(guṇasthāna)*, from 'misbeliever' *(mithyādrişti)* to 'omniscience with vibration' *(sayogakevali)*.

---

प्रत्यय कर्मों के कर्ता हैं -

**एदे अचेदणा खलु पोंग्गलकम्मुदयसंभवा जम्हा।**
**ते जदि करंति कम्मं ण वि तेसिं वेदगो आदा।।** **(3-43-111)**

**गुणसण्णिदा दु एदे कम्मं कुव्वंति पच्चया जम्हा।**
**तम्हा जीवोऽकत्ता गुणा य कुव्वंति कम्माणि॥ (3-44-112)**

ये मिथ्यात्वादि प्रत्यय निश्चय से अचेतन हैं क्योंकि ये पुद्गल कर्म के उदय से उत्पन्न होते हैं। यदि वे प्रत्यय कर्म करते हैं तो करें, उन कर्मों का भोक्ता भी आत्मा नहीं है; क्योंकि ये गुणस्थान नामक प्रत्यय कर्म करते हैं इसलिए (निश्चय नय से) जीव कर्मों का कर्ता नहीं है और गुणस्थान नामक प्रत्यय ही कर्मों को करते हैं।

These conditions of influx of karmas resulting into bondages, like wrong belief etc., are, in reality, non-conscious *(achetana)* because they are brought about by the rise of the karmic matter. If these result into karmas, then the Self cannot be the enjoyer of the fruits thereof. Because the conditions called *guṇasthāna* produce karmas, therefore, from the pure point of view, the Self is not the producer of karmas, and only the conditions called *guṇasthāna* produce karmas.

---

जीव और प्रत्यय एक नहीं है -

**जह जीवस्स अणण्णुवओगो कोहो वि तह जदि अणण्णो।**
**जीवस्साजीवस्स य एवमणण्णत्तमावण्णं॥ (3-45-113)**

**एवमिह जो दु जीवो सो चेव दु णियमदो तहाजीवो।**
**अयमेयत्ते दोसो पच्चयणोकम्मकम्माणं॥ (3-46-114)**

**अह पुण अण्णो कोहो अण्णुवओगप्पगो हवदि चेदा।**
**जह कोहो तह पच्चय कम्मं णोकम्ममवि अण्णं॥ (3-47-115)**

जैसे जीव के ज्ञानदर्शनोपयोग अभिन्न हैं, उसी प्रकार यदि क्रोध भी जीव से अनन्य हो तो इस प्रकार जीव और अजीव का अनन्यत्व (एकत्व) प्राप्त हो गया; और ऐसा होने पर इस लोक में जो जीव है, वही नियम से उसी प्रकार अजीव होगा। प्रत्यय, कर्म और नोकर्म के एकत्व में भी यही दोष आता, अथवा (इस दोष के भय से ऐसा मानो कि) क्रोध अन्य है और उपयोगस्वरूप आत्मा अन्य है तो जैसे क्रोध अन्य है, उसी प्रकार प्रत्यय, कर्म और नोकर्म भी अन्य हैं।

Knowledge- and perception-consciousness is inseparable from the Self; however, if we consider anger too as inseparable from the Self, then soul and non-soul will get amalgamated into one entity. This hypothesis will entail that all souls in this world will surely become non-soul too. Same misleading notion prevails if we consider karmic conditions, karmic matter, and quasi-karmic matter to be inseparable from the Self. Therefore, to dispel this misleading notion, as we regard anger to be distinct from the conscious Self, similarly, regard karmic conditions, karmic matter, and quasi-karmic matter also to be distinct from the conscious Self.

---

सांख्यमत का निराकरण -

**जीवे ण सयं बद्धं ण सयं परिणमदि कम्मभावेण।**
**जदि पोग्गलदव्वमिणं अप्परिणामी तदा होदि।। (3-48-116)**

**कम्मइयवग्गणासु य अपरिणमंतीसु कम्मभावेण।**
**संसारस्स अभावो पसज्जदे संखसमओ वा।। (3-49-117)**

**जीवो परिणामयदे पोंग्गलदव्वाणि कम्मभावेण।**
**ते सयमपरिणमंते कहं तु परिणामयदि चेदा।। (3-50-118)**

**अह सयमेव हि परिणमदि कम्मभावेण पोंग्गलं दव्वं।**
**जीवो परिणामयदे कम्मं कम्मत्तमिदिमिच्छा।। (3-51-119)**

**णियमा कम्मपरिणदं कम्मं चिय होदि पोंग्गलं दव्वं।**
**तह तं णाणावरणाइपरिणदं मुणसु तच्चेव।। (3-52-120)**

यह पुद्‌गल द्रव्य जीव में स्वयं नहीं बँधा है और कर्मभाव से स्वयं परिणमन नहीं करता है - यदि ऐसा मानो, तब तो वह अपरिणामी हो जाएगा। अथवा कार्मण वर्गणाएँ द्रव्यकर्मरूप से परिणमन नहीं करतीं - ऐसा मानो तो संसार के अभाव का प्रसंग आ जाएगा अथवा सांख्यमत का प्रसंग आ जाएगा।

जीव पुद्‌गल द्रव्यों को कर्मभाव से परिणमन कराता है - यदि ऐसा मानो तो जीव उन्हें किस प्रकार परिणमन करा सकता है, जबकि वे पुद्‌गल द्रव्य स्वयं परिणमन नहीं करते; अथवा यह मानो कि पुद्‌गल द्रव्य स्वयं ही कर्मभाव से परिणमन करता है तो जीव कर्मरूप पुद्‌गल को कर्मरूप परिणमन कराता है - यह कहना मिथ्या सिद्ध होता है। इसलिए जैसे नियम से कर्मरूप (कर्त्ता के कार्यरूप से) परिणत पुद्‌गल द्रव्य कर्म ही है, इसी प्रकार ज्ञानावरणादि रूप परिणमित पुद्‌गल द्रव्य ज्ञानावरणादि ही है; ऐसा जानो।

If you believe that physical matter does not get bound to the Self on its own accord, nor does it evolve into modes of karma on its own accord, then, it becomes immutable. Or else, if you believe that the karmic molecules *(vargaṇā)* do not get transformed into various karmic modes, then this belief will lead to non-existence of the worldly state of the soul *(saṃsāra)*, identical with the

*Sāṃkhya* system.

If you maintain that the Self transforms the karmic molecules into various karmic modes, then how can the Self cause transformation in a substance that, by nature, is immutable? Or else, if you believe that the physical matter, on its own accord, transforms into various modes of karmas, then it will be false to say that *jīva* causes transformation of karmic matter into karmic modes. Therefore, in reality, just as the karmic molecules which get transformed into various karmic modes are material substance, in the same way, karmic modifications like knowledge-obscuring karmas etc., are mutated states of the karmic substance.

---

सांख्यमतानुयायी शिष्य को संबोधन –

**ण सयं बद्धो कम्मे ण सयं परिणमदि कोहमादीहिं।**
**जदि एस तुज्झ जीवो अप्परिणामी तदा होदि॥ (3-53-121)**

**अपरिणमंतम्हि सयं जीवे कोहादिएहि भावेहिं।**
**संसारस्स अभावो पसज्जदे संखसमओ वा॥ (3-54-122)**

**पोंग्गलकम्मं कोहो जीवं परिणामएदि कोहत्तं।**
**तं सयमपरिणमंतं किह परिणामयदि कोहत्तं॥ (3-55-123)**

**अह सयमप्पा परिणमदि कोहभावेण एस दे बुद्धी।**
**कोहो परिणामयदे जीवं कोहत्तमिदि मिच्छा॥ (3-56-124)**

**कोहुवजुत्तो कोहो माणुवजुत्तो य माणमेवादा।**
**माउवजुत्तो माया लोहुवजुत्तो हवदि लोहो।। (3-57-125)**

(सांख्यमतानुयायी शिष्य के प्रति आचार्य कहते हैं कि-) यदि तेरी ऐसी मान्यता है कि यह जीव कर्म में स्वयं नहीं बँधा है और क्रोधादि भावों में स्वयं परिणमन नहीं करता है, तब तो वह अपरिणामी सिद्ध होता है (और) क्रोधादि भावरूप से जीव के स्वयं परिणमन न करने पर संसार के अभाव का प्रसंग आ जाएगा अथवा सांख्यमत का प्रसंग आ जाएगा।

(यदि यह कहो कि) पुद्‌गल कर्मरूप क्रोध जीव को क्रोधभावरूप परिणमाता है तो स्वयं परिणमन न करने वाले जीव को क्रोधरूप किस प्रकार परिणमन करा सकता है?

अथवा आत्मा स्वयं क्रोधभाव से परिणमन करता है, यदि तेरी ऐसी मान्यता है तो क्रोध जीव को क्रोधभाव रूप परिणमन कराता है यह कहना मिथ्या ठहरेगा।

(अत: सिद्ध हुआ कि) क्रोध में उपयुक्त (जिसका उपयोग क्रोधाकार परिणमित हुआ है ऐसा) आत्मा क्रोध ही है; मान में उपयुक्त आत्मा मान ही है; माया में उपयुक्त आत्मा माया है और लोभ में उपयुक्त आत्मा लोभ है।

(Addressing the disciple of the *Sāṃkhya* philosophy, the *Āchārya* says –) If you believe that the soul by itself is not bound by karmas, and that it does not have emotional modifications like anger, then it must, by nature, remain non-manifesting. And if the soul does not have emotional modifications like anger, then empirical life *(saṃsāra)* will cease to be, akin to the *Sāṃkhya* faith.

If you maintain that karmic matter like anger, by its own, causes emotional modifications (like anger etc.) in the soul, then how is it possible for the karmic matter, like anger, to cause

modification in the soul which, by nature, is immutable?

If you believe that the soul undergoes emotional modification of anger on its own accord, then it will be false to say that the karmic matter of anger causes emotional modification (of anger) in the soul.

(Therefore, it follows that–) The soul which manifests its consciousness in the psychic state of anger is anger itself; the soul which manifests its consciousness in the psychic state of pride is pride itself; the soul which manifests its consciousness in the psychic state of deceitfulness is deceitfulness itself; and the soul which manifests its consciousness in the psychic state of greed is greed itself.

---

आत्मा अपने भावों का कर्ता है –

**जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स कम्मस्स।**
**णाणिस्स दु णाणमओ अण्णाणमओ अणाणिस्स।।**

**(3-58-126)**

आत्मा जिस भाव को करता है वह उस भावकर्म का कर्ता होता है। ज्ञानी के तो ज्ञानमय भाव होता है और अज्ञानी के अज्ञानमय भाव होता है।

Whatever psychic mode the soul manifests itself into, it is the causal agent of that mode. The knowledgeable soul manifests itself into a disposition that is abundant with knowledge, and the ignorant soul manifests itself into a disposition of unawareness.

---

ज्ञान और अज्ञानमय भाव का कार्य –

**अण्णाणमओ भावो अणाणिणो कुणदि तेण कम्माणि।**
**णाणमओ णाणिस्स दु ण कुणदि तम्हा दु कम्माणि।।**
**(3-59-127)**

अज्ञानी के अज्ञानमय भाव होता है, इस कारण वह कर्मों को करता है, और ज्ञानी के तो ज्ञानमय भाव होता है, इसी कारण वह कर्मों को नहीं करता है।

The ignorant Self manifests himself in wrong knowledge and due to this wrong knowledge he does the karmas. But the Self, aware of his true nature, manifests himself in right knowledge and, therefore, due to this right knowledge he does not do the karmas.

---

ज्ञानी के सब भाव ज्ञानमय और अज्ञानी के अज्ञानमय होते हैं –

**णाणमया भावादो णाणमओ चेव जायदे भावो।**
**जम्हा तम्हा णाणिस्स सव्वे भावा हु णाणमया।। (3-60-128)**

**अण्णाणमया भावा अण्णाणो चेव जायदे भावो।**
**जम्हा तम्हा भावा अण्णाणमया अणाणिस्स।। (3-61-129)**

क्योंकि ज्ञानमय भाव से ज्ञानमय ही भाव उत्पन्न होता है, इस कारण ज्ञानी के सब भाव वास्तव में ज्ञानमय होते हैं; क्योंकि अज्ञानमय भाव से अज्ञानमय ही भाव उत्पन्न होता है, इस कारण अज्ञानी के सब भाव अज्ञानमय होते हैं।

Since manifestation of right knowledge can only lead to a disposition based on right knowledge, it follows that all dispositions of the knowledgeable Self are truly of the nature of right knowledge. Conversely, all dispositions of the ignorant Self are of the nature of wrong knowledge.

---

दृष्टान्त द्वारा पूर्वोक्त का स्पष्टीकरण –

**कणयमया भावादो जायंते कुंडलादयो भावा।**
**अयमयया भावादो जह जायंते दु कडयादी।। (3-62-130)**

**अण्णाणमया भावा अणाणिणो बहुविहा वि जायंते।**
**णाणिस्स दु णाणमया सव्वे भावा तहा होंति।। (3-63-131)**

जैसे स्वर्णमय भाव से कुण्डल आदि भाव उत्पन्न होते हैं तथा लोहमय भाव से कड़ा आदि भाव उत्पन्न होते हैं; इसी प्रकार अज्ञानी के (अज्ञानमय भाव से) अनेक प्रकार के अज्ञानमय भाव उत्पन्न होते हैं तथा ज्ञानी के (ज्ञानमय भाव से) समस्त ज्ञानमय भाव होते हैं।

Just as when we think of gold, earrings etc. come to mind, and when we think of iron, shackle etc. come to mind, in the same way, the ignorant Self engenders thought-activities based on wrong knowledge, and the knowledgeable Self engenders thought-activities based on right knowledge.

---

कर्मबन्ध के चार कारण -

**अण्णाणस्स दु उदओ जा जीवाणं अतच्चउवलद्धी।**
**मिच्छत्तस्स दु उदओ जीवस्स असद्दहाणत्तं।।** **(3-64-132)**

**उदओ असंजमस्स दु जं जीवाणं हवेदि अविरमणं।**
**जो दु कलुसोवओगो जीवाणं सो कसाउदओ।।** **(3-65-133)**

**तं जाण जोगउदयं जो जीवाणं तु चिट्ठउच्छाहो।**
**सोहणमसोहणं वा कादव्वो विरदिभावो वा।।** **(3-66-134)**

जीवों के जो विपरीत ज्ञान (वस्तु-स्वरूप का अयथार्थ ज्ञान) है, वह तो अज्ञान का उदय है; तथा जीव के जो तत्त्व का अश्रद्धान है, वह मिथ्यात्व का उदय है; और जीवों के जो अत्यागभाव (विषयों से विरत न होना) है, वह असंयम का उदय है; और जीवों के जो मलिन उपयोग (क्रोधादि कषाय रूप उपयोग) है, वह कषाय का उदय है; तथा जीवों के जो शुभरूप या अशुभरूप, प्रवृत्तिरूप अथवा निवृत्तिरूप मन, वचन, काय के व्यापार में उत्साह है, उसे योग का उदय जानो।

Know that erroneous knowledge (of the nature of substances) in the Self is the rise of nescience *(ajńāna)*; flawed conviction (in soul and non-soul substances) is the rise of wrong belief *(mithyātva)*, tendency not to abstain from sensual pleasures is the rise of non-restraint *(asaṃyama)*, indulgence in perverted passions (like anger etc.) is the rise of passions *(kaşāya)*, and threefold activities (of the body, the organ of speech and the mind), whether meritorious or wicked, involved or uninvolved, is the rise of *yoga*.

द्रव्यकर्म और भावकर्म का निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध -

**एदेसु हेदुभूदेसु कम्मइयवग्गणागदं जं तु।**
**परिणमदे अट्ठविहं णाणावरणादि-भावेहिं।। (3-67-135)**

**तं खलु जीवणिबद्धं कम्मइयवग्गणागदं जइया।**
**तइया दु होदि हेदू जीवो परिणामभावाणं।। (3-68-136)**

इन मिथ्यात्व आदि उदयों के हेतुभूत होने पर कार्मण वर्गणाओं के रूप में आया हुआ जो पुद्गल द्रव्य है, वह ज्ञानावरण आदि द्रव्य कर्म के रूप में आठ प्रकार परिणमन करता है। वह कार्मणवर्गणागत पुद्गल द्रव्य जब वास्तव में जीव के साथ बँधता है, उस काल में जीव अपने अज्ञानमय परिणाामरूप भावों का कारण होता है।

As a consequence of the rise of wrong belief *(mithyātva)* etc., the material substance that comes in the form of primary karmic matter gets modified into eight kinds of karmic matter like the knowledge-obscuring karma. The time when this primary karmic matter gets attached to the soul, during that period, the Self is the causal agent of his own ignorant dispositions.

---

जीव का परिणाम पुद्गल द्रव्य से भिन्न है -

**जीवस्स दु कम्मेण य सह परिणामा दु होंति रागादी।**
**एवं जीवो कम्मं च दो वि रागादिमावण्णा।। (3-69-137)**

**एकस्स दु परिणामो जायदि जीवस्स रागमादीहिं।**
**ता कम्मोदयहेदूहि विणा जीवस्स परिणामो।। (3-70-138)**

यदि जीव के पुद्गल कर्म के साथ ही रागादि परिणाम होते हैं, ऐसा मानें तो जीव और कर्म दोनों ही रागादि भाव को प्राप्त हो जाएँ; किन्तु रागादि अज्ञान परिणाम एक जीव के ही होता है, इसलिए कर्म के उदयरूप निमित्तकारण से पृथक् ही जीव का परिणाम है।

If we believe that both, the Self as well as the physical matter, produce modifications such as attachment, then both will be said to assume psychic modes like attachment. But only the Self assumes psychic modes like attachment and nescience, and, therefore, the Self is distinct from the connecting agent for the rise of karma, the physical matter.

---

पुद्गल द्रव्य का परिणाम जीव से भिन्न है -

**जदि जीवेण सहच्चिय पोंग्गलदव्वस्स कम्मपरिणामो।**
**एवं पोंग्गलजीवा हु दो वि कम्मत्तमावण्णा।। (3-71-139)**

**एकस्स दु परिणामो पोंग्गलदव्वस्स कम्मभावेण।**
**ता जीवभावहेदूहि विणा कम्मस्स परिणामो।। (3-72-140)**

यदि जीव के साथ ही पुद्गल द्रव्य का कर्मरूप परिणाम होता है, इस प्रकार माना जाए तो पुद्गल और जीव दोनों ही कर्मत्व को प्राप्त हो जाएँगे; किन्तु कर्मभाव से परिणाम एक पुद्गल द्रव्य का ही होता है; इसलिए जीव के रागादि अज्ञान परिणामरूप निमित्त कारण से पृथक ही पुद्गल द्रव्य कर्म का परिणाम है।

If we believe that both, the Self as well as the physical matter, transform into modes of various karmas, then both will be said

to assume the status of karma. But only the physical matter assumes modification as a result of karmic disposition and, therefore, this modification in physical matter is distinct from the psychic modes, like attachment and nescience, of the connecting agent, the Self.

---

जीव के साथ कर्मों का सम्बन्ध –

**जीवे कम्मं बद्धं पुट्ठं चेदि ववहारणयभणिदं।**
**सुद्धणयस्स दु जीवे अबद्धपुट्ठं हवदि कम्मं॥ (3-73-141)**

जीव में कर्म (उसके प्रदेशों के साथ) बँधा हुआ है और उसे स्पर्श करता है, यह व्यवहार नय का कथन है और जीव में कर्म अबद्ध और अस्पृष्ट है, यह निश्चयनय का कथन है।

The statement that the space-points of karmic molecules pervade the space-points of the soul, or that they touch the soul, has been made from the empirical point of view *(vyavahāra naya)*. From the transcendental point of view *(nişchaya naya)*, the soul neither gets bonded with nor touched by the karmic matter.

---

समयसार नयपक्षों से रहित है –

**कम्मं बद्धमबद्धं जीवे एदं तु जाण णयपक्खं।**
**णयपक्खातिक्कंतो भण्णदि जो सो समयसारो॥ (3-74-142)**

जीव में कर्म बँधा है अथवा नहीं बँधा है, यह तो नयपक्ष जानो (इस प्रकार का कोई भी विकल्प नयपक्ष है, ऐसा जानो) और जो नयपक्ष से अतिक्रान्त (किसी भी नयपक्ष के विकल्प से रहित) कहलाता है, वह समय-सार (निर्विकल्प शुद्ध आत्मतत्त्व) है।

Thus, assertions that the soul gets bonded with the karmic matter, or that it does not get bonded with the karmic matter, are made from different points of view. But that which is independent of various points of view is the ultimate truth, the *samayasāra*, pure and absolute consciousness.

---

पक्षातिक्रान्त का स्वरूप -

**दोण्ह वि णयाण भणिदं जाणदि णवरिं तु समयपडिबद्धो।**
**ण दु णयपक्खं गिण्हदि किंचि वि णयपक्खपरिहीणो॥**

**(3-75-143)**

(श्रुतज्ञानी आत्मा) दोनों ही नयों के कथन को केवलमात्र जानता है। वह (सहज परमानन्दैक स्वभाव) आत्मा का अनुभव करता हुआ और समस्त नयपक्ष के विकल्पों से रहित हुआ किसी भी नयपक्ष को किंचिन्मात्र भी ग्रहण नहीं करता (आत्मानुभाव के समय नयों के विकल्प दूर हो जाते हैं)।

The Self who knows the scriptures, only apprehends the states depicted by both the viewpoints. Experiencing the innate supreme bliss of the Self, and abjuring all viewpoints, he does not absorb even an iota of any viewpoint (Self-realization is free from all expressions of viewpoints).

---

समयसार ज्ञानदर्शन स्वरूप है -

**सम्मद्दंसणणाणं एसो लहदि त्ति णवरि ववदेसं।**
**सव्वणयपक्खरहिदो भणिदो जो सो समयसारो॥**

**(3-76-144)**

जो समस्त नयपक्ष से रहित कहा है, वह समयसार है। यह समयसार ही केवल सम्यग्दर्शनज्ञान इस नाम को पाता है। (समयसार ही सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान है।)

That which is free from all viewpoints is the *samayasāra*. Only this *samayasāra* is characterized by right faith and right knowledge (*samayasāra* itself is right faith and right knowledge).

---

**इदि तिदियो कत्तिकम्माधियारो समत्तो**

# चउत्थो पुण्णपावाधियारो

## MERIT AND DEMERIT

शुभ कर्म भी संसार का कारण है -

**कम्ममसुहं कुसीलं सुहकम्मं चावि जाणह सुसीलं।**
**किह तं होदि सुसीलं जं संसारं पवेसेदि।।** **(4-1-145)**

अशुभ कर्म कुशील (बुरा) है और शुभ कर्म सुशील (अच्छा) है, ऐसा तुम जानते हो; किन्तु जो कर्म जीव को संसार में प्रवेश कराता है, वह किस प्रकार सुशील (अच्छा) हो सकता है?

You know that wicked karma is undesirable, and virtuous karma is desirable. But how can the karma, which leads the *jīva* into the cycle of births and deaths *(saṃsāra)*, be considered desirable?

---

शुभाशुभ कर्मबन्ध के कारण हैं -

**सोवण्णियं पि णियलं बंधदि कालायसं पि जह पुरिसं।**
**बंधदि एवं जीवं सुहमसुहं वा कदं कम्मं।।** **(4-2-146)**

जैसे सोने की बेड़ी भी पुरुष को बाँधती है और लोहे की बेड़ी भी बाँधती है। इसी प्रकार शुभ या अशुभ किया हुआ कर्म जीव को बाँधता है (दोनों ही बन्धनरूप हैं)।

Just like a shackle, whether made of gold or iron, will be able to confine a man, similarly both – virtuous and wicked karmas – bind the Self (both are bondage).

---

शुभाशुभ दोनों त्याज्य हैं -

**तम्हा दु कुसीलेहि य रागं मा काहि मा व संसग्गिं।**
**साधीणो हि विणासो कुसील-संसग्गि-रागेण॥ (4-3-147)**

इसलिए शुभ और अशुभ इन दोनों कुशीलों के साथ राग मत करो तथा संसर्ग भी मत करो, क्योंकि कुशील के साथ संसर्ग और राग करने से स्वाधीन सुख का विनाश होता है।

Therefore, do not entertain any attachment for or association with both these types of undesirable karmas, virtuous or wicked, as any attachment for or association with the undesirable will lead to the destruction of innate bliss.

---

पूर्वोक्त का स्पष्टीकरण -

**जह णाम को वि पुरिसो कुच्छियसीलं जणं वियाणित्ता।**
**वज्जेदि तेण समयं संसग्गिं रागकरणं च॥ (4-4-148)**

**एमेव कम्मपयडी सीलसहावं हि कुच्छिदं णादुं।**
**वज्जंति परिहरंति य तं संसग्गिं सहावरदा॥ (4-5-149)**

जैसे कोई पुरुष कुत्सित स्वभाव वाले पुरुष को जानकर उसके साथ संसर्ग और राग करना छोड़ देता है, इसी प्रकार स्वभाव में रत ज्ञानी जीव कर्म–प्रकृति के शील–स्वभाव को कुत्सित जानकर निश्चय ही उसके साथ संसर्ग को छोड़ देते हैं और (राग को) छोड़ देते हैं।

Just like a man, on becoming aware of the evil nature of someone, severs any association with or attachment for him, in the same way, a knowledgeable person, engaged in the innate nature of the Self, severs any association with or attachment for even the virtuous karmas, as he knows these to be of evil nature.

---

हे भव्य! तू कर्मों में राग मत कर –

**रत्तो बंधदि कम्मं मुंचदि जीवो विरागसंपण्णो।**
**एसो जिणोवदेसो तम्हा कम्मेसु मा रज्ज।। (4-6-150)**

रागी जीव कर्मों को बाँधता है और विरागी जीव कर्मों से छूटता है, यह जिनेन्द्र भगवान का उपदेश है, इसलिए (हे भव्य जीव!) तू कर्मों में राग मत कर!

The Self with the attribute of attachment suffers bondage of karmas, and the one with the attribute of non-attachment (detachment) sheds his karmas. This has been declared by the Omniscient Lord and, therefore, (O *bhavya* – potential aspirant to liberation!) do not have any attachment for the karmas.

---

ज्ञान निर्वाण का कारण है -

**परमट्ठो खलु समओ सुद्धो जो केवली मुणी णाणी।**
**तम्हि ट्ठिदा सहावे मुणिणो पावंति णिव्वाणं।। (4-7-151)**

निश्चय से जो परमार्थ (आत्मा) है, वह समय (शुद्ध गुण-पर्यायों में परिणमन करने वाला) है, शुद्ध (समस्त नयपक्षों से रहित एक ज्ञानस्वरूप होने से शुद्ध) है, केवली (केवल चिन्मात्र वस्तुस्वरूप होने से केवली) है, मुनि (केवल मननमात्र भावस्वरूप होने से मुनि) है, ज्ञानी (स्वयं ही ज्ञानस्वरूप होने से ज्ञानी) है। उस परमात्मस्वभाव में स्थित मुनिजन निर्वाण को प्राप्त करते हैं।

Undoubtedly, the divine state of the soul is absolute consciousness *(samaya)*, pure (free from all viewpoints, only knowledge consciousness), omniscient (having attained its innate attributes), ascetic (absorbed only in the Self), and the knower (being knowledge by itself). The ascetics who position themselves in this divine state of the soul attain liberation *(nirvāṇa)*.

---

अज्ञानी का व्रत, तप निष्फल है -

**परमट्ठम्मि दु अठिदो जो कुणदि तवं वदं च धारयदि।**
**तं सव्वं बालतवं बालवदं विंति सव्वण्हू।। (4-8-152)**

जो परमार्थ में तो स्थित नहीं है, किन्तु तप करता है और व्रत धारण करता है, उसके उस समस्त तप और व्रत को सर्वज्ञदेव बालतप और बालव्रत कहते हैं।

Anyone who has not positioned himself in the divine state of the

soul, but performs austerities and observes vows, the all-knowing call his austerities and observance of vows as childish austerities *(bāltapa)* and childish observance of vows *(bālvrata)*.

---

अज्ञानी को निर्वाण नहीं है -

**वदणियमाणि धरंता सीलाणि तहा तवं च कुव्वंता।**
**परमट्ठबाहिरा जे णिव्वाणं ते ण विंदंति।।** **(4-9-153)**

व्रत और नियमों को धारण करते हुए तथा शील और तप करते हुए भी जो परमार्थ से बाह्य हैं (जिन्हें परमार्थभूत ज्ञानस्वरूप आत्मा की अनुभूति नहीं है), वे निर्वाण को प्राप्त नहीं करते।

Those who although observe vows and rules of conduct as well as celibacy and austerities, but do not position themselves in the divine state of the soul – of knowledge consciousness – do not attain liberation.

---

पुण्य संसार का कारण है -

**परमट्ठबाहिरा जे ते अण्णाणेण पुण्णमिच्छंति।**
**संसारगमणहेदुं वि मोक्खहेदु अयाणंता।।** **(4-10-154)**

जो परमार्थ से बाह्य हैं (शुद्ध आत्मस्वरूप का जिन्हें अनुभव नहीं है), वे मोक्ष के हेतु को न जानते हुए अज्ञान से संसार-गमन के भी कारण पुण्य को चाहते हैं।

Those who are not anchored to the divine state of the soul (not living through pure consciousness), since they are not aware of the path to liberation, out of ignorance, they desire virtue *(puṇya)* which is the cause of the cycle of births and deaths *(saṃsāra)*.

---

मोक्षमार्ग –

**जीवादीसद्दहणं सम्मत्तं तेसिमधिगमो णाणं।**
**रागादीपरिहरणं चरणं एसो दु मोॅक्खपहो।। (4-11-155)**

जीवादिक नौ पदार्थों का श्रद्धान करना सम्यग्दर्शन है। उन्हीं पदार्थों का संशय, विमोह और विभ्रम से रहित ज्ञान सम्यग्ज्ञान है। रागादिक का परित्याग सम्यक्चारित्र है। यही मोक्ष का मार्ग है।

Belief in the nine substances as they are is right faith *(samyagdarşana)*. Knowledge of these substances without doubt, delusion or misapprehension, is right knowledge *(samyagjńāna)*. Being free from attachment etc. is right conduct *(samyakchāritra)*. These three, together, constitute the path to liberation.

---

यति कर्मों का क्षय करता है –

**मोॅत्तूण णिच्छयट्ठं ववहारेण विदुसा पवट्ठंति।**
**परमट्ठमस्सिदाण दु जदीण कम्मक्खओ होदि।। (4-12-156)**

निश्चयनय के विषय को छोड़कर विद्वान व्यवहार के द्वारा प्रवृत्ति करते हैं; किन्तु निज शुद्धात्मभूत परमार्थ के आश्रित यतियों के ही कर्मों का क्षय होता है।

Leaving aside the ultimate point of view, wise ones take on the empirical way, but the destruction of karmas takes place only to those ascetics who embrace the pure, ultimate nature of the Real Self.

---

रत्नत्रय की मलिनता के कारण -

**वत्थस्स सेदभावो जह णासदि मलविमेलणोच्छण्णो।**
**मिच्छत्तमलोच्छण्णं तह सम्मत्तं खु णादव्वं।। (4-13-157)**

**वत्थस्स सेदभावो जह णासदि मलविमेलणोच्छण्णो।**
**अण्णाणमलोच्छण्णं तह णाणं होदि णादव्वं।। (4-14-158)**

**वत्थस्स सेदभावो जह णासदि मलविमेलणोच्छण्णो।**
**कस्सायमलोच्छण्णं तह चारित्तं पि णादव्वं।। (4-15-159)**

जैसे मैल से व्याप्त हुआ वस्त्र का श्वेतभाव नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार मिथ्यात्वरूपी मैल से व्याप्त सम्यक्त्व निश्चय ही तिरोहित हो जाता है; ऐसा जानना चाहिये।

जिस प्रकार मैल से व्याप्त हुआ वस्त्र का श्वेतभाव नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अज्ञानरूपी मैल से व्याप्त ज्ञान तिरोहित हो जाता है; ऐसा जानना चाहिये।

जिस प्रकार मैल से व्याप्त हुआ वस्त्र का श्वेतभाव नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार कषाय से व्याप्त हुआ चारित्र तिरोहित हो जाता है; ऐसा जानना चहिये।

Just as whiteness of linen gets destroyed when it is soiled with dirt, know that, in the same way, right faith gets destroyed when soiled with wrong belief.

Just as whiteness of linen gets destroyed when it is soiled with dirt, know that, in the same way, right knowledge gets destroyed when soiled with nescience.

Just as whiteness of linen gets destroyed when it is soiled with dirt, know that, in the same way, right conduct gets destroyed when soiled with passions.

---

कर्म स्वयं ही बन्धस्वरूप है -

**सो सव्वणाणदरिसी कम्मरयेण णिएणावच्छण्णो।**
**संसारसमावण्णो ण विजाणदि सव्वदो सव्वं।। (4-16-160)**

वह आत्मा (स्वभाव से) सर्वज्ञ और सर्वदर्शी है। (फिर भी वह) अपने कर्मरूपी रज से आच्छादित है (अतः वह) संसार को प्राप्त हुआ है। वह समस्त पदार्थों को सब प्रकार से नहीं जानता।

The Self, by his own nature, is all-knowing and all-perceiving. Still, being covered with the dirt of karmas, he is in the worldly state of births and deaths *(saṃsāra)* and does not know all the substances and their various modes.

---

रत्नत्रय के प्रतिबन्धक कारण -

**सम्मत्तपडिणिबद्धं मिच्छत्तं जिणवरेहिं परिकहिदं।**
**तस्सोदयेण जीवो मिच्छादिट्ठि त्ति णादव्वो।। (4-17-161)**

**णाणस्स पडिणिबद्धं अण्णाणं जिणवरेहिं परिकहिदं।**
**तस्सोदयेण जीवो अण्णाणी होदि णादव्वो।। (4-18-162)**

**चारित्तपडिणिबद्धं कसायमिदि जिणवरेहिं परिकहिदं।**
**तस्सोदयेण जीवो अचरित्तो होदि णादव्वो।। (4-19-163)**

सम्यक्त्व का प्रतिबन्धक (रोकने वाला) मिथ्यात्व है, यह जिनेन्द्रदेव ने कहा है। उसके उदय से जीव मिथ्यादृष्टि होता है, ऐसा जानना चाहिये।

ज्ञान का प्रतिबन्धक (रोकने वाला) अज्ञान है, यह जिनेन्द्रदेव ने कहा है। उसके उदय से जीव अज्ञानी होता है, ऐसा जानना चाहिये।

चारित्र का प्रतिबन्धक (रोकने वाला) कषाय है, ऐसा जिनेन्द्रदेव ने कहा है। उसके उदय से जीव चारित्ररहित होता है, ऐसा जानना चहिये।

As declared by the Omniscient Lord, right faith gets obstructed by wrong belief. When this happens, the Self becomes a wrong believer, so let it be known.

As declared by the Omniscient Lord, right knowledge gets obstructed by nescience. When this happens, the Self becomes devoid of right knowledge, so let it be known.

As declared by the Omniscient Lord, right conduct gets obstructed by passions. When this happens, the Self becomes devoid of right conduct, so let it be known.

---

**इदि चउत्थो पुण्णपावाधियारो समत्तो**

# पंचमो आसवाधियारो

## INFLUX OF KARMAS

दो प्रकार के आस्रव –

**मिच्छत्तं अविरमणं कसायजोगा सण्णसण्णा दु।**
**बहुविहभेदा जीवे तस्सेव अणण्णपरिणामा॥ (5-1-164)**

**णाणावरणादीयस्स ते दु कम्मस्स कारणं होंति।**
**तेसिं पि होदि जीवो रागद्दोसादिभावकरो॥ (5-2-165)**

मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग (भावप्रत्यय और द्रव्यप्रत्यय के रूप में) चेतन और अचेतन दो प्रकार के होते हैं। (जो चेतन के विकार हैं वे) जीव में अनेक प्रकार के भेद वाले हैं और वे जीव के ही अनन्य परिणाम हैं। जो मिथ्यात्व आदि पुद्गल के विकार हैं, वे ज्ञानावरण आदि कर्मों के निमित्त हैं। उन मिथ्यात्व आदि अचेतन विकारों का निमित्त राग–द्वेष आदि भावों का कर्त्ता जीव होता है।

Wrong belief *(mithyātva)*, non-abstinence *(avirati)*, passions *(kaşāya)*, and actions of the body, the organ of speech and the mind *(yoga)* are of two kinds – psychical *(chetana)* and material *(achetana)*. Psychical modifications are of various kinds and they are modes exclusively of the Self. Material modifications, like wrong belief, lead to karmas, like knowledge-obscuring karma. The cause of material modifications, like wrong belief, is the Self when he gets involved in psychic states like attachment and aversion.

सम्यग्दृष्टि के आस्रवों का अभाव है -

**णत्थि दु आसवबंधो सम्मादिट्ठिस्स आसवणिरोहो।**
**संते पुव्वणिबद्धे जाणदि सो ते अबंधंतो।।** **(5-3-166)**

सम्यग्दृष्टि के आस्रवनिमित्तक बन्ध नहीं है; किन्तु आस्रव का निरोध है। नवीन कर्मों को न बाँधता हुआ वह सत्ता में विद्यमान पूर्व में बाँधे हुए कर्मों को जानता है।

The right believer has no bondage due to influx of karmas; the influx is blocked. While free from bondage of new karmas, he is aware of the still existing, past bondage of karmas.

---

रागद्वेष ही आस्रव है -

**भावो रागादिजुदो जीवेण कदो दु बंधगो होदि।**
**रागादि-विप्पमुक्को अबंधगो जाणगो णवरि।।** **(5-4-167)**

जीव के द्वारा किया हुआ रागादियुक्त भाव तो नवीन कर्मों का बन्ध करने वाला होता है और रागादि से रहित भाव बन्ध नहीं करता। वह मात्र ज्ञायक है।

Psychic modes, like attachment etc., of the Self result into bondage of fresh karmas. However, the Self devoid of such psychic modes is free from bondage; he is of the nature of the knower.

---

निर्जरित कर्म का पुनः बन्ध नहीं -

**पक्के फलम्मि पडिदे जह ण फलं बज्झदे पुणो विंटे।**
**जीवस्स कम्मभावे पडिदे ण पुणोदयमुवेदि॥ (5-5-168)**

जैसे पके हुए फल के (वृक्ष से) गिरने पर वह फल पुनः डंठल में नहीं जुड़ता, उसी प्रकार जीव के पुद्‌गल कर्मों की निर्जरा होने पर पुनः वे उदय को प्राप्त नहीं होते (पुनः वे जीव के साथ नही बँधते)।

As the ripened fruit, once fallen (from tree), does not get re-attached to the stalk, similarly, karmas (karmic matter), once dissociated from the Self, do not come to fruition again (do not again get bonded with the Self).

---

ज्ञानी के द्रव्यास्त्रव का अभाव है -

**पुढवीपिंडसमाणा पुव्वणिबद्धा दु पच्चया तस्स।**
**कम्मसरीरेण दु ते बद्धा सव्वे वि णाणिस्स॥ (5-6-169)**

उस ज्ञानी के पहले (अज्ञान अवस्था में) बँधे हुए सभी (मिथ्यात्वादि द्रव्य) प्रत्यय तो पृथ्वी के ढेले के समान हैं (अकिंचित्कर हैं); और वे (अपने पुद्‌गलस्वभाव से) कार्मण शरीर के साथ बँधे हुए हैं।

In the Self with right knowledge, all previously bonded karmas (wrong belief etc., which got bonded when the Self was in the state of nescience), are like a lump of earth (i.e., practically inconsequential) and these (due to their physical nature), remain incorporated with the karmic body *(kārmaṇa ṣarīra)*.

---

ज्ञानगुण से कर्म-बन्ध -

**चहुविह अणेयभेयं बंधंते णाणदंसणगुणेहिं।**
**समये समये जम्हा तेण अबंधो त्ति णाणी दु॥ (5-7-170)**

क्योंकि (मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग) ये चार प्रकार के द्रव्यास्त्रव ज्ञान-दर्शन गुणों के द्वारा प्रतिसमय अनेक प्रकार के कर्मों को बाँधते हैं, अतः ज्ञानी तो अबन्ध ही है।

Since the four kinds of karmic influxes (wrong belief, non-abstinence, passions, and actions of the body, the organ of speech and the mind), due to the impure qualities of knowledge and faith in the Self, cause bondages of various kinds of karmas every instant, therefore, the Self with right knowledge is free from bondage.

ज्ञानगुण कर्म-बन्ध का कारण क्यों है -

**जम्हा दु जहण्णादो णाणगुणादो पुणो वि परिणमदि।**
**अण्णत्तं णाणगुणो तेण दु सो बंधगो भणिदो॥ (5-8-171)**

क्योंकि ज्ञानगुण ज्ञानगुण के जघन्य भाव (क्षायोपशमिक ज्ञान) के कारण पुनः अन्तर्मुहूर्त के पश्चात् अन्य रूप से परिणमन करता है, इसी कारण वह (ज्ञानगुण का जघन्य भाव - यथाख्यात चारित्र की प्राप्ति से पूर्व तक) कर्म का बन्ध कराने वाला कहा गया है।

Since the quality of knowledge, due to its lowest stage of disposition (destruction-cum-subsidence), re-emerges, within

one *muhūrta**, in alternative modes, therefore, this cognitive quality (from the level of destruction-cum-subsidence to the level just before perfect conduct) has been said to be the cause of bondage of karmas.

---

रत्नत्रय का जघन्य भाव कर्म-बन्ध का कारण है -

**दंसणणाणचरित्तं जं परिणमदे जहण्णभावेण।**
**णाणी तेण दु बज्झदि पोंग्गलकम्मेण विविहेण।। (5-9-172)**

दर्शन, ज्ञान और चारित्र जघन्य भाव से जो परिणमन करते हैं, उसके कारण ज्ञानी जीव अनेक प्रकार के पुद्‌गल कर्मों से बन्ध को प्राप्त होता है।

The knowledgeable *jīva*, due to the modifications of knowledge, faith, and conduct, in their lowest stage of disposition (destruction-cum-subsidence), gets bondages of various kinds of karmic matter.

---

सम्यग्दृष्टि के कर्मबन्ध नहीं होता -

**सव्वे पुव्वणिबद्धा दु पच्चया संति सम्मदिट्ठिस्स।**
**उवओगप्पाओगं बंधंते कम्मभावेण।। (5-10-173)**

* *muhūrta* is a measure of time equal to 48 minutes.

**संता दु णिरुवभोॅज्जा बाला इत्थी जहेव पुरिसस्स।**
**बंधदि ते उवभोॅज्जे तरुणी इत्थी जह णरस्स॥ (5-11-174)**

**होदूण णिरुवभोज्जा तह बंधदि जह हंवति उवभोज्जा।**
**सत्तट्ठविहा भूदा णाणावरणादिभावेहिं॥ (5-12-175)**

**एदेण कारणेण दु सम्मादिट्ठी अबंधगो भणिदो।**
**आसवभावाभावे ण पच्चया बंधगा भणिदा॥ (5-13-176)**

सम्यग्दृष्टि जीव के पूर्व की सराग दशा में बाँधे हुए सभी द्रव्यास्त्रव सत्ता में विद्यमान हैं। वे उपयोग के प्रयोगानुसार कर्म भाव के द्वारा (रागादि भाव प्रत्ययों के द्वारा) बन्ध को प्राप्त होते हैं। सत्ता में विद्यमान रहते हैं फिर भी उदय से पूर्व वे भोगने योग्य नहीं होते। जैसे बाल स्त्री पुरुष के लिए भोग्य नहीं होती। वे ही कर्म उदयकाल में भोगने योग्य होने पर नये कर्मों को बाँधते हैं; जिस प्रकार तरुणी स्त्री पुरुष के लिए (भोग्य होती है और पुरुष को रागभाव में बाँध लेती है)। वे पूर्वबद्ध कर्म भोगने के अयोग्य होकर जैसे भोगने योग्य होते हैं, उसी प्रकार ज्ञानावरण आदि रूप से (आयु कर्म के बिना) सात प्रकार के और (आयु कर्म सहित) आठ प्रकार के कर्मों को बाँधते हैं। इसी कारण से सम्यग्दृष्टि जीव अबन्धक (कर्म-बन्ध न करने वाला) कहा गया है। रागादि भावास्त्रव के अभाव में द्रव्य प्रत्यय बन्धकारक नहीं होते हैं।

In the right believer, all previously bonded karmas, which got bonded when the Self was in the state of attachment, remain existent. They get bonded due to the manifestation of conscious dispositions of the Self, involving attachment etc. They are existent but are not fit for enjoyment till they mature; just as a child-wife is not fit for enjoyment by the husband. The same bonded karmas, when they mature, are fit for enjoyment and, in

the process, give rise to fresh bondages; just as an adult wife is fit for enjoyment by the husband and, in the process, generates his attraction. The previously bonded karmas transform from being unfit for enjoyment, to fit for enjoyment. On becoming operative, they give rise to bondages of seven kinds of karmas like knowledge-obscuring karma (but not the life-determining karma), or eight types of karmas (including the life-determining karma). The right believer, due to this very reason, is said to be a non-perpetrator of bondages; because of the absence of attachment etc. in him, the existent karmic matter cannot cause fresh bondages.

---

भावप्रत्यय के बिना द्रव्यप्रत्यय नहीं होता -

**रागो दोसो मोहो य आसवा णत्थि सम्मदिट्ठिस्स।**
**तम्हा आसवभावेण विणा हेदू ण पच्चया होंति।। (5-14-177)**

**हेदू चदुव्वियप्पो अट्ठवियप्पस्स कारणं हवदि।**
**तेसिं पि य रागादी तेसिमभावे ण बज्झंति।। (5-15-178)**

राग, द्वेष और मोह ये आस्रव सम्यग्दृष्टि के नहीं होते। इसलिए रागादि भावास्रव के बिना द्रव्य प्रत्यय कर्म-बन्ध के कारण नहीं होते। मिथ्यात्व आदि चार प्रकार के हेतु आठ प्रकार के कर्मों के कारण होते हैं और उन चार प्रकार के हेतुओं के कारण जीव के रागादि भाव हैं। उन रागादि भावों का अभाव होने के कारण सम्यग्दृष्टि के कर्म-बन्ध नहीं होता।

In the right believer, there are no influxes of attachment, aversion, and delusion. Therefore, without these psychic states

pertaining to attachment etc., the existent karmic matter cannot cause fresh bondages. Four kinds of karmic influxes, such as wrong belief, cause bondages of eight kinds of karmas, and these four kinds of karmic influxes are due to the psychic states of the Self, pertaining to attachment etc. Because of the absence of these psychic states pertaining to attachment etc., the Self with right belief does not get fresh karmic bondages.

---

शुद्धनय से च्युत जीव के बन्ध होता है -

**जह पुरिसेणाहारो गहिदो परिणमदि सो अणेयविहं।**
**मंसवसारुहिरादी भावे उदरग्गिसंजुत्तो।। (5-16-179)**

**तह णाणिस्स दु पुव्वं जे बद्धा पच्चया बहुवियप्पं।**
**बज्झंते कम्मं ते णयपरिहीणा दु ते जीवा।। (5-17-180)**

जैसे पुरुष के द्वारा ग्रहण किया हुआ आहार उदराग्नि का संयोग पाकर वह मांस, मज्जा, रुधिर आदि के रूप से अनेक रूप में परिणमन करता है; उसी प्रकार ज्ञानी के पूर्व में बद्ध जो द्रव्यास्त्रव थे, वे अनेक प्रकार के कर्मों को बाँधते हैं। वे जीव शुद्धनय से च्युत हैं (शुद्धनय से च्युत होने पर ही ज्ञानी जीव रागादि भावास्त्रव करता है। उससे द्रव्यास्त्रव और कर्म-बन्ध होता है)।

Just as food eaten by a man, and acted upon by his digestive system, gets metabolized into flesh, bone-marrow, blood etc., in the same way, the earlier influxes of karmic matter associated with the Self of the knowledgeable, cause various kinds of fresh karmic bondages. Such a knowledgeable Self is away from the

pure, transcendental point of view. (Only when the knowledgeable Self is away from the pure, transcendental point of view, he gets caught up in psychic states pertaining to attachment etc., which cause influxes and karmic bondages.)

---

**इदि पंचमो आसवाधियारो समत्तो**

# छट्ठमो संवराधियारो

## STOPPAGE OF KARMAS

भेदविज्ञान ही संवर का उपाय है -

**उवओगे उवओगो कोहादिसु णत्थि को वि उवओगो।**
**कोहे कोहो चेव हि उवओगे णत्थि खलु कोहो॥ (6-1-181)**

**अट्ठवियप्पे कम्मे णोकम्मे चावि णत्थि उवओगो।**
**उवओगम्हि य कम्मं णोकम्मं चावि णो अत्थि॥ (6-2-182)**

**एदं तु अविवरीदं णाणं जइया दु होदि जीवस्स।**
**तइया ण किंचि कुव्वदि भावं उवओगसुद्धप्पा॥ (6-3-183)**

उपयोग में उपयोग है, क्रोध आदि में कोई भी उपयोग नहीं है। और क्रोध में ही क्रोध है, निश्चय ही उपयोग में क्रोध नहीं है। आठ प्रकार के (ज्ञानावरणादि) कर्मों और (शरीरादि) नोकर्मों में भी उपयोग नहीं है और उपयोग में कर्म ओर नोकर्म भी नहीं है। जिस काल में जीव को ऐसा अविपरीत (सत्यार्थ) ज्ञान हो जाता है, तब उपयोग–स्वरूप शुद्धात्मा उपयोग के अतिरिक्त अन्य किसी भाव को नहीं करता।

Consciousness subsists on consciousness and there is no consciousness in anger etc. Anger subsists on anger and, surely, there is no anger in consciousness. There is no consciousness in eight kinds of karmas, like knowledge-obscuring karma, and the quasi-karmic matter *(nokarma)*, and there is no karma and *nokarma* in consciousness. The time when the Self attains this

discriminative knowledge, free from error, then the true nature of the Self, which is pure consciousness, manifests itself, and the Self then does not entertain any impure psychic dispositions.

---

भावविज्ञान से शुद्धात्मा की प्राप्ति –

**जह कणयमग्गितवियं पि कणयसहावं ण तं परिच्चयदि।**
**तह कम्मोदयतविदो ण जहदि णाणी दु णाणित्तं।। (6-4-184)**

**एवं जाणदि णाणी अण्णाणी मुणदि रागमेवादं।**
**अण्णाणतमोच्छण्णं आदसहावं अयाणंतो।। (6-5-185)**

जैसे अग्नि में तपाया हुआ सोना अपने सुवर्ण स्वभाव को नहीं छोड़ता, इसी प्रकार (तीव्र परीषह–उपसर्गरूप) कर्मोदय से तप्त होता हुआ ज्ञानी भी अपने ज्ञानीपने के स्वभाव को नहीं छोड़ता। इस प्रकार ज्ञानी जानता है और अज्ञानरूप अन्धकार से आच्छन्न अज्ञानी आत्मस्वभाव को न जानता हुआ राग को ही आत्मा मानता है।

Just as gold, on being intensely heated, does not lose its inherent quality, in the same way, the Self with right knowledge does not abandon his nature of true knowledge on being burnt (by way of hardship or torment) as a consequence of the rise of karmas. Thus, the knowledgeable Self realizes the true nature of the Self, while the ignorant, being camouflaged by nescience, gets associated with impure psychic states such as attachment.

---

शुद्धात्मा के अनुभव से संवर होता है –

**सुद्धं तु वियाणंतो विसुद्धमेवप्पयं लहदि जीवो।**
**जाणंतो दु असुद्धं असुद्धमेवप्पयं लहदि।।** **(6-6-186)**

शुद्ध आत्मा को जानता हुआ जीव शुद्ध आत्मा को ही प्राप्त करता है और अशुद्ध आत्मा को जानता हुआ जीव अशुद्ध आत्मा को ही प्राप्त करता है।

The Self who knows the pure nature of the soul, dwells in the pure nature of the soul, but the Self who knows the impure nature of the soul, dwells in the impure nature of the soul.

---

संवर की विधि –

**अप्पाणमप्पणा रुंधिदूण दोपुण्णपावजोगेसु।**
**दंसणणाणम्हि ठिदो इच्छाविरदो य अण्णम्हि।।** **(6-7-187)**

**जो सव्वसंगमुक्को झायदि अप्पाणमप्पणा अप्पा।**
**ण वि कम्मं णोकम्मं चेदा चिंतेदि एयत्तं।।** **(6-8-188)**

**अप्पाणं झायंतो दंसणणाणमइओ अणण्णमओ।**
**लहदि अचिरेण अप्पाणमेव सो कम्मपविमुक्कं।।** **(6-9-189)**

आत्मा को अपनी आत्मा के द्वारा पुण्य और पाप इन दोनों शुभाशुभ योगों से रोककर दर्शन और ज्ञान में स्थित हुआ और अन्य देह–रागादि में इच्छा से विरत हुआ तथा

समस्त बाह्य–आभ्यन्तर परिग्रह से रहित हुआ जो आत्मा अपनी आत्मा को अपनी आत्मा के द्वारा ध्याता है, (एवं) कर्म और नोकर्म को नहीं ध्याता है, ऐसा गुणविशिष्ट आत्मा एकत्व का चिन्तन (अनुभव) करता है। वह आत्मा अपनी आत्मा का ध्यान करता हुआ दर्शन–ज्ञानमय हुआ और अनन्यमय हुआ थोड़े ही काल में कर्मों से रहित आत्मा को प्राप्त कर लेता है।

The Self, by his own enterprise, protecting himself from virtuous as well as wicked activities that cause merit and demerit, and stationing himself in right faith and knowledge, detached from body and desires etc., devoid of external and internal attachments, contemplates on the Self, through his own Self, and does not reflect upon the karmas and the quasi-karmic matter *(nokarma)*; the Self with such distinctive qualities experiences oneness with the Self. Such a Self, contemplating on the Self, becomes of the nature of right faith and knowledge, and being immersed in the Self, attains, in a short span of time, status of the Pure Self that is free from all karmas.

---

संवर का क्रम –

**तेसिं हेदू भणिदा अज्झवसाणाणि सव्वदरिसीहिं।**
**मिच्छत्तं अण्णाणं अविरदिभावो य जोगो य।। (6-10-190)**

**हेदुअभावे णियमा जायदि णाणिस्स आसवणिरोहो।**
**आसवभावेण विणा जायदि कम्मस्स दु णिरोहो।।**
**(6-11-191)**

**कम्मस्साभावेण य णोकम्माणं पि जायदि णिरोहो।**
**णोकम्मणिरोहेण य संसारणिरोहणं होदि॥ (6-12-192)**

सर्वज्ञदेव ने (रागादि विभाव कर्मरूप) भावास्रवों के कारण मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरतिभाव और योग ये चार अध्यवसान कहे हैं। ज्ञानी के हेतुओं के अभाव में नियम से आस्रव का निरोध होता है। आस्रवभाव के बिना कर्म का भी निरोध हो जाता है और कर्म का अभाव होने से नोकर्मों का भी निरोध हो जाता है। नोकर्म का निरोध होने से संसार का निरोध होता है।

The Omniscient Lord has declared that psychic imperfections (attachment etc.) are the causal agents of these four psychic responses – wrong belief, wrong knowledge, non-abstinence, and actions of the body, the organ of speech and the mind *(yoga)*. Since the knowledgeable is free from these causal agents, he is, by rule, free from karmic influxes. Without influxes, there can be no karmic bondage. Without karmic bondage there can be no quasi-karmic matter *(nokarma)*. And without quasi-karmic matter, the cycle of births and deaths ceases to exist.

---

**इदि छट्ठमो संवराधियारो समत्तो**

# सत्तमो णिज्जराधियारो

## SHEDDING OF KARMAS

द्रव्यनिर्जरा का स्वरूप -

**उवभोगमिंदियेहिं दव्वाणमचेदणाणमिदराणं।**
**जं कुणदि सम्मदिट्‌ठी तं सव्वं णिज्जरणिमित्तं।।** **(7-1-193)**

सम्यग्दृष्टि जीव इन्द्रियों के द्वारा अचेतन और चेतन द्रव्यों का जो उपभोग करता है, वह सब निर्जरा का निमित्त है।

The enjoyment of sense-perceived objects – inanimate or animate – by the right believer leads to the shedding of karmas *(nirjarā)*.

---

भावनिर्जरा का स्वरूप -

**दव्वे उवभुज्जंते णियमा जायदि सुहं च दुक्खं वा।**
**तं सुहदुक्खमुदिण्णं वेददि अध णिज्जरं जादि।।** **(7-2-194)**

परद्रव्यों का (जीव के द्वारा) उपभोग करने पर नियम से सुख अथवा दु:ख होता है। (जीव) उदय में आये हुए उस सुख-दु:ख का अनुभव करता है; फिर (वह) निर्जरा को प्राप्त हो जाता है (झड़ जाता है)।

The enjoyment (by the Self) of any alien substances inevitably results into pleasure or pain. The Self experiences this rise of pleasure or pain (due to the fruition of karmas) and then these karmas are shed.

---

ज्ञानी को कर्म-बन्ध नहीं होता -

**जह विसमुवभुज्जंतो वेंज्जो पुरिसो ण मरणमुवयादि।**
**पोंग्गलकम्मस्सुदयं तह भुंजदि णेव बज्झदे णाणी।।**

**(7-3-195)**

जिस प्रकार विषवैद्य विष का उपभोग करता हुआ भी मरण को प्राप्त नहीं होता, उसी प्रकार ज्ञानी पुरुष पुद्‌गल कर्म के उदय को भोगता है, तथापि वह कर्म से नहीं बँधता।

Just as the handling of poison by an expert in toxicology does not lead to his death, in the same way, the knowledgeable person enjoys the fruits of rise of karmas, but does not attract bondages.

---

वैराग्य की सामर्थ्य -

**जह मज्जं पिवमाणो अरदिभावेण ण मज्जदे पुरिसो।**
**दव्वुवभोगे अरदो णाणी वि ण बज्झदे तहेण।।**

**(7-4-196)**

जिस प्रकार कोई पुरुष मद्य को पीता हुआ तीव्र अरतिभाव की सामर्थ्य से मतवाला

नहीं होता, उसी प्रकार ज्ञानी पुरुष भी द्रव्यों के उपभोग में विरक्त रहता हुआ (वैराग्य की सामर्थ्य से) कर्मों से नहीं बँधता।

Just as a person consuming alcoholic drink can still remain sober due to his strong sense of non-indulgence, similarly, the knowledgeable person, remaining detached from the enjoyment of alien substances, does not attract bondages.

---

ज्ञानी और अज्ञानी में अन्तर -

**सेवंतो वि ण सेवदि असेवमाणो वि सेवगो को वि।**
**पगरणचेट्ठा कस्स वि ण य पायरणो त्ति सो होदि॥**

**(7-5-197)**

कोई सम्यग्दृष्टि (रागादि भाव के अभाव के कारण) विषयों का सेवन करता हुआ भी उनका सेवन नहीं करता, (और अज्ञानी विषयों में रागभाव के कारण) उन्हें सेवन न करता हुआ भी सेवन करने वाला होता है। जैसे - किसी पुरुष की कार्यसम्बन्धी क्रिया होती है, किन्तु वह कार्य करने वाला नहीं होता।

***विशेष*** - जैसे कोई मुनीम सेठ की ओर से व्यापार का सब कार्य करता है, किन्तु उस व्यापार तथा उसकी लाभ-हानि का वह स्वामी नहीं होता। इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि भोगों का सेवन करता हुआ भी राग न होने के कारण उसका असेवक है और मिथ्यादृष्टि सेवन न करता हुआ भी राग के सद्भाव के कारण उसका सेवक है।

The right believer (due to the absence of attachment etc.), while getting involved in sensualities, really does not indulge in them, but an ignorant person (due to the presence of attachment etc.),

even if not involved in sensualities, really indulges in them. This is akin to a person performing certain acts but, in reality, is not responsible for them.

***Note:*** Just as an assistant, on behalf of the owner of a business, performs all duties, but is neither the owner of the business, nor shares its profit or loss. In the same way, the right believer, due to the absence of attachment etc., is non-indulgent, and the wrong believer, due to the presence of attachment etc., is indulgent.

---

ज्ञानी का स्व-पर विवेक -

**उदयविवागो विविहो कम्माणं वण्णिदो जिणवरेहिं।**
**ण हु ते मज्झ सहावा जाणगभावो दु अहमेॅक्को।।**

**(7-6-198)**

जिनेन्द्रदेव ने कर्मों के उदय के फल अनेक प्रकार के बताये हैं। वे तो मेरे स्वभाव नहीं हैं। मैं तो एक ज्ञायक भाव हूँ।

The Omniscient Lord has enumerated various outcomes of the fruition of karmas. These outcomes are not my nature. I am just one, the knower.

---

राग पुद्गल कर्म है -

**पोॅग्गलकम्मं रागो तस्स विवागोदओ हवदि एसो।**
**ण हु एस मज्झ भावो जाणगभावो दु अहमेॅक्को।।**

**(7-7-199)**

राग पुद्‌गलकर्म है। उसके फलस्वरूप उदय से उत्पन्न यह रागरूप भाव है। यह तो मेरा भाव नहीं है। मै तो एक टंकोत्कीर्ण ज्ञायक भाव हूँ।

Attachment is a physical karmic matter. When it manifests, it gives rise to the emotion of attachment. This is not my true nature. I am just one, the knower.

---

सम्यग्दृष्टि ज्ञानवैराग्य सम्पन्न होता है -

**एवं सम्मादिट्‌ठी अप्पाणं मुणदि जाणगसहावं।**
**उदयं कम्मविवागं च मुयदि तच्चं वियाणंतो।। (7-8-200)**

पूर्वोक्त प्रकार से सम्यग्दृष्टि अपने-आपको (टंकोत्कीर्ण) ज्ञायक स्वभाव जानता है और आत्मतत्त्व को जानता हुआ कर्मोदय के विपाक से उत्पन्न भावों को छोड़ देता है।

In the aforesaid manner, the right believer knows that he is just the one, the knower, and knowing the true nature of the Self, leaves aside all emotional states caused by the rise of karmas.

---

रागी जीव सम्यग्दृष्टि नहीं है -

**परमाणुमेंत्तयं पि हु रागादीणं तु विज्जदे जस्स।**
**ण वि सो जाणदि अप्पाणयं तु सव्वागमधरो वि।।**

**(7-9-201)**

**अप्पाणमयाणंतो अणप्पयं चावि सो अयाणंतो।**
**किह होदि सम्मदिट्ठी जीवाजीवे अयाणंतो।। (7-10-202)**

वास्तव में जिस जीव के रागादि (अज्ञान भावों) का परमाणुमात्र (लेशमात्र) भी विद्यमान है, वह जीव सम्पूर्ण शास्त्रों का ज्ञाता होने पर भी आत्मा को नहीं जानता और आत्मा को न जानता हुआ वह अनात्मा को भी नहीं जानता। इस प्रकार जीव और अजीव को न जानने वाला किस प्रकार सम्यग्दृष्टि हो सकता है?

In reality, the Self who entertains even a very small amount of attachment etc. (wrong dispositions), is not aware of the true nature of the soul, although he may have mastered all scriptures. And since he does not know the soul, he does not know the non-soul too. How can the one who does not know the soul and the non-soul be a right believer?

---

ज्ञान ही आत्मा का पद है -

**आदम्हि दव्वभावे अपदे मोंत्तूण गिण्ह तह णियदं।**
**थिरमेगमिमं भावं उवलब्भंतं सहावेण।। (7-11-203)**

आत्मा में द्रव्य और भावों के मध्य में (अतत्स्वभाव से अनुभव में आने वाले भाव) अपद हैं (क्षणिक होने से आत्मा का स्थान नहीं ले सकते); अतः उन्हें छोड़कर नियत, स्थिर तथा एक स्वभाव से अनुभव करने योग्य इस भाव को (चैतन्यमात्र ज्ञानभाव को) ग्रहण कर।

In the midst of material and psychical karmas, the transitory dispositions that arise in the Self cannot take the place of the

soul. Therefore, leaving aside all such dispositions, embrace only the knowledge-consciousness that is eternal, unchanging, and indivisible unity.

---

ज्ञान से निर्वाण प्राप्त होता है -

**आभिणिसुदोहिमणकेवलं च तं होदि ऍक्कमेव पदं।**
**सो एसो परमट्ठो जं लहिदुं णिव्वुदिं जादि॥ (7-12-204)**

मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मन:पर्ययज्ञान और केवलज्ञान ये पाँचों ज्ञान एक ही पद हैं (एक ज्ञान नाम से जाने जाते हैं)। सो यह (ज्ञान) परमार्थ है (मोक्ष का साक्षात् उपाय है) जिसे प्राप्त करके आत्मा निर्वाण को प्राप्त होता है।

Sensory knowledge, scriptural knowledge, clairvoyance, telepathy, and omniscience, all five, are but one – abode of knowledge. This (knowledge) is the ultimate truth, on whose acquisition the Self attains liberation.

---

कर्मकाण्ड से ज्ञान प्राप्त नहीं होता -

**णाणगुणेहि विहीणा एदं तु पदं बहू वि ण लहंते।**
**तं गिण्ह णियदमेदं जदि इच्छसि कम्मपरिमोंक्खं॥ (7-13-205)**

ज्ञानगुण से रहित अनेक पुरुष (अनेक कर्म करते हुए भी) ज्ञान स्वरूप इस पद को प्राप्त नहीं करते; इसलिए (हे भव्य !) यदि तू कर्मों से मुक्ति चाहता है तो इस नियत पद-ज्ञान को ग्रहण कर।

Bereft of the virtue of knowledge, many people, even though put several efforts, are not able to attain this knowledge. As such (O *bhavya* – potential aspirant to liberation!) if you wish to be free from karmic bondages, embrace this eternal knowledge.

---

ज्ञान से उत्तम सुख मिलता है –

**एदम्हि रदो णिच्चं संतुट्ठो होहि णिच्चमेदम्हि।**
**एदेण होहि तित्तो होहिदि तुह उत्तमं सोक्खं।।** **(7-14-206)**

(हे भव्य!) तू इस ज्ञान में सदा प्रीति कर, इसी में तू सदा सन्तुष्ट रह, इससे ही तू तृप्त रह। (ज्ञान-रति, सन्तुष्टि और तृप्ति से) तुझे उत्तम सुख होगा।

(O *bhavya* – potential aspirant to liberation!) Always adore this knowledge, in this only always remain contented, and fulfilled. You will attain supreme bliss (through knowledge-adoration, knowledge-contentment, and knowledge-fulfillment).

---

ज्ञानी अपनी आत्मा को ही स्व मानता है –

**को णाम भणेज्ज बुहो परदव्वं मम इदं हवदि दव्वं।**
**अप्पाणमप्पणो परिगहं तु णियदं वियाणंतो।।** **(7-15-207)**

अपनी आत्मा को ही निश्चित रूप से अपना परिग्रह जानता हुआ कौन ज्ञानी पुरुष कहेगा कि यह पर द्रव्य मेरा द्रव्य है?

After realizing that only the Self, and nothing else, belongs to him, which knowledgeable person will consider any alien substance as his own?

---

परद्रव्य मेरा नहीं है -

**मज्झं परिग्गहो जदि तदो अहमजीवदं तु गच्छेज्ज।**
**णादेव अहं जम्हा तम्हा ण परिग्गहो मज्झं।।** **(7-16-208)**

यदि परिग्रह (परद्रव्य) मेरा हो तब तो (चैतन्य स्वभाव वाला) मैं अजीवता को प्राप्त हो जाऊँ; क्योंकि मैं ज्ञाता ही हूँ, इस कारण परद्रव्यरूप परिग्रह मेरा नहीं है।

If the alien substance is mine, then, I (having the attribute of consciousness) will become inanimate; because I am a knowing Self, therefore, no alien substance can belong to me.

---

ज्ञानी का निश्चय -

**छिज्जदु वा भिज्जदु वा णिज्जदु वा अहव जादु विप्पलयं।**
**जम्हा तम्हा गच्छदु तहावि ण परिग्गहो मज्झं।।** **(7-17-209)**

चाहे छिद जाए, चाहे भिद जाए, चाहे कोई ले जाए अथवा नष्ट हो जाए, चाहे जिस कारण से चला जाए, तथापि परिग्रह मेरा नहीं है।

The alien substance may get cut, or split, or stolen, or destroyed; whatever the reason of its riddance, it is not my possession.

---

ज्ञानी के धर्म का परिग्रह नहीं है -

**अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णेच्छदे धम्मं।**
**अपरिग्गहो दु धम्मस्स जाणगो तेण सो होदि॥ (7-18-210)**

जिसके इच्छा नहीं है, वह अपरिग्रही कहा है और ज्ञानी धर्म को - पुण्य को नहीं चाहता, इसलिए वह धर्म का परिग्रही नहीं है, (किन्तु वह) धर्म का ज्ञायक है।

The one who is devoid of desire is said to be free from attachment, and the knower does not desire virtue or merit, therefore, he is not a possessor of virtue; he is just its knower.

---

ज्ञानी के अधर्म का परिग्रह नहीं है -

**अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णेच्छदि अधम्मं।**
**अपरिग्गहो अधम्मस्स जाणगो तेण सो होदि॥ (7-19-211)**

जिसके इच्छा नहीं है, वह अपरिग्रही कहा है और ज्ञानी अधर्म को - पाप को नहीं चाहता, इसलिए वह अधर्म का परिग्रही नहीं है, किन्तु ज्ञायक है।

The one who is devoid of desire is said to be free from attachment, and the knower does not desire vice or demerit, therefore, he is not a possessor of vice; he is just its knower.

---

ज्ञानी के भोजन का परिग्रह नहीं है -

**अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो असणं च णेच्छदे णाणी।**
**अपरिग्गहो दु असणस्स जाणगो तेण सो होदि॥ (7-20-212)**

जिसके इच्छा नहीं है, वह अपरिग्रही कहा है और ज्ञानी भोजन को नहीं चाहता, इसलिए वह भोजन का परिग्रही नहीं है, (किन्तु वह) ज्ञायक है।

The one who is devoid of desire is said to be free from attachment, and the knower does not desire food, therefore, he is not a possessor of food; he is just its knower.

---

ज्ञानी के पान का परिग्रह नहीं है -

**अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो पाणं च णेच्छदे णाणी।**
**अपरिग्गहो दु पाणस्स जाणगो तेण सो होदि॥ (7-21-213)**

जिसके इच्छा नहीं है, वह अपरिग्रही कहा है और ज्ञानी पान को नहीं चाहता, इसलिए वह पान का परिग्रही नहीं है, (किन्तु वह) ज्ञायक है।

The one who is devoid of desire is said to be free from attachment, and the knower does not desire drink (or beverage), therefore, he is not a possessor of drink; he is just its knower.

---

ज्ञानी के परभावों का परिग्रह नहीं है -

**एमादिए दु विविहे सव्वे भावे य णेच्छदे णाणी।**
**जाणगभावो णियदो णीरालंबो दु सव्वत्थ॥** **(7-22-214)**

इत्यादिक नाना प्रकार के समस्त भावों को ज्ञानी नहीं चाहता। सर्वत्र निरालम्ब वह प्रतिनियत (टंकोत्कीर्ण) ज्ञायक भाव ही है।

The knower has no psychic dispositions that desire these and other external objects. Independent all over, he is solely of the nature of the knower.

---

ज्ञानी को त्रिकाल के भोगों की आकांक्षा नहीं है -

**उप्पण्णोदयभोगो वियोगबुद्धिए तस्स सो णिच्चं।**
**कंखामणागदस्स य उदयस्स ण कुव्वदे णाणी॥** **(7-23-215)**

वह वर्तमान काल के कर्मोदय का भोग ज्ञानी के सदा ही वियोग बुद्धि से होता है और ज्ञानी आगामी काल के उदय की आकांक्षा नहीं करता।

(ज्ञानी तो मोक्ष की भी इच्छा नहीं करता, तब वह अन्य पदार्थों की इच्छा क्यों करेगा?)

The knower always enjoys the consequences of the rise of existing karmas with detached temperament, and does not long for the enjoyment of karmas that would rise in future. (The knower does not long even for liberation, therefore, the question of his having desire for alien substances does not arise.)

---

ज्ञानी वेद्य-वेदक भाव की आकांक्षा नहीं करता -

**जो वेददि वेदिज्जदि समये समये विणस्सदे उहयं।**
**तं जाणगो दु णाणी उहयं पि ण कंखदि कयावि।।**

**(7-24-216)**

जो अनुभव करता है (ऐसा वेदक भाव), जो अनुभव किया जाता है (ऐसा वेद्यभाव), ये दोनों भाव (अर्थपर्याय की अपेक्षा) समय-समय में नष्ट हो जाते हैं। ऐसा जानने वाला ज्ञानी उन दोनों भावों की कदापि आकांक्षा नहीं करता।

The one who experiences (the psychic state of being a subject), and the experience itself (the psychic state of getting influenced), both dispositions are transitory (in terms of their mode). The knower of this reality never longs for any of these two dispositions.

---

संसार, शरीर, भोग से विरक्त -

**बंधुवभोगणिमित्ते अज्झवसाणोदयेसु णाणिस्स।**
**संसारदेहविसयेसु णेव उप्पज्जदे रागो।।** **(7-25-217)**

बन्ध और उपभोग के निमित्तभूत संसार-सम्बन्धी और देह-सम्बन्धी रागादि अध्यवसानों के उदय में ज्ञानी के राग उत्पन्न नहीं होता।

Karmic bondage, and enjoyment of karmas, lead to the rise of worldly and bodily attachments; the knower does not have any desire for such conditions.

---

ज्ञानी और अज्ञानी में अन्तर -

**णाणी रागप्पजहो हि सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो।**
**णो लिप्पदि रजएण दु कद्दममज्झे जहा कणयं॥**

**(7-26-218)**

**अण्णाणी पुण रत्तो हि सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो।**
**लिप्पदि कम्मरयेण दु कद्दममज्झे जहा लोहं॥** **(7-27-219)**

ज्ञानी सब द्रव्यों में निश्चय ही राग का त्यागी (वीतराग) होता है, कर्मों के मध्य पड़ा हुआ भी कर्मरूपी रज से लिप्त नहीं होता है, जिस प्रकार कीचड़ के मध्य पड़ा हुआ सोना (कीचड़ में लिप्त नहीं होता)। पुनः अज्ञानी सब परद्रव्यों में निश्चय ही रागी होता है, (अतः वह) कर्मों के मध्य पड़ा हुआ कर्मरूपी रज से लिप्त होता है, जिस प्रकार कीचड़ के मध्य पड़ा हुआ लोहा (कीचड़-जंग से लिप्त होता है)।

The knower surely renounces attachment for all substances; while stationed in the midst of karmas, he is not soiled by the karma-dirt – just like gold in the midst of mire (gold remains uncontaminated). On the other hand, the ignorant surely remains attached to all alien substances; therefore, while stationed in the midst of karmas, he gets soiled by the karma-dirt – just like iron in the midst of mire (iron gets contaminated).

---

शंख के दृष्टान्त द्वारा पूर्वोक्त का समर्थन -

**भुंजंतस्स वि विविहे सच्चित्ताचित्तमिस्सिए दव्वे।**
**संखस्स सेदभावो ण वि सक्कदि किण्हगो कादुं॥**

**(7-28-220)**

**तह णाणिस्स दु विविहे सच्चित्ताचित्तमिस्सिए दव्वे।**
**भुंजंतस्स वि णाणं ण सक्कमण्णाणदं णेदुं॥**

**(7-29-221)**

**जइया स एव संखो सेदसहावं सयं पजहिदूण।**
**गच्छेज्ज किण्हभावं तइया सुक्कत्तणं पजहे॥**

**(7-30-222)**

**तह णाणी वि हु जइया णाणसहावं सयं पजहिदूण।**
**अण्णाणेण परिणदो तइया अण्णाणदं गच्छे॥**

**(7-31-223)**

अनेक प्रकार के सचित्त, अचित्त और मिश्रित द्रव्यों का उपभोग करने वाले शंख का श्वेतभाव कृष्ण नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार अनेक प्रकार के सचित्त, अचित्त और मिश्रित द्रव्यों का उपयोग करते हुए ज्ञानी के ज्ञान को अज्ञानरूप नहीं किया जा सकता।

जब वही शंख अपने श्वेत स्वभाव को स्वयं छोड़कर कृष्णभाव को प्राप्त होता है, तभी वह शुक्लत्व को छोड़ देता है। इसी प्रकार ज्ञानी भी जब अपने ज्ञानस्वभाव को स्वयं छोड़कर अज्ञानरूप परिणमित होता है, तब वह अज्ञानभाव को प्राप्त हो जाता है।

The whiteness of the shell of a conch, which assimilates all kinds of animate, inanimate and mixed substances, cannot be changed into black; in the same way, the knowledge of the knower, who consumes all kinds of animate, inanimate and mixed substances, cannot be changed into nescience.

The same conch, when it, on its own, discards the whiteness of

its shell and adopts blackness, it loses its white character. Similarly, the knower also when he, on his own, discards his knowledge-character and dwells into ignorance, it acquires nescience.

---

ज्ञानी निष्काम कर्म करता है -

**पुरिसो जह को वि इहं वित्तिणिमित्तं तु सेवदे रायं।**
**तो सो वि देदि राया विविहे भोगे सुहुप्पादे।।** **(7-32-224)**

**एमेव जीवपुरिसो कम्मरयं सेवदे सुहणिमित्तं।**
**तो सो वि देदि कम्मो विविहे भोगे सुहप्पादे।।** **(7-33-225)**

**जय पुण सोच्चिय पुरिसो वित्तिणिमित्तं ण सेवदे रायं।**
**तो सो ण देदि राया विविहे भोगे सुहुप्पादे।।** **(7-34-226)**

**एमेव सम्मदिट्ठी विसयत्थं सेवदे ण कम्मरयं।**
**तो सो ण देदि कम्मो विविहे भोगे सुहुप्पादे।।** **(7-35-227)**

जिस प्रकार इस लोक में कोई पुरुष आजीविका के लिए राजा की सेवा करता है, तो वह राजा भी उसे सुख देने वाले नाना प्रकार के भोग देता है; इसी प्रकार जीव पुरुष सुख के लिए कर्मरज की सेवा करता है तो वह कर्म भी उसे सुख देने वाले नाना प्रकार के भोग देता है।

पुन: जैसे वही पुरुष आजीविका के लिए राजा की सेवा नहीं करता, तो वह राजा उसे सुख देने वाले नाना प्रकार के भोग नहीं देता है। इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि विषयों के लिए कर्मरज का सेवन नहीं करता तो वह कर्म उसे सुख देने वाले नाना प्रकार के भोग नहीं देता।

Just as a worldly man, for the sake of his livelihood, serves a king, and the king, in return, provides him with various kinds of pleasure-giving objects, in the same way, when the Self, like a worldly man, serves the karmic matter, then karmas also, in return, provide him with various kinds of pleasure-giving objects.

Further, if the worldly man does not serve the king, then the king does not provide him with various kinds of pleasure-giving objects. In the same way, when the right believer does not serve the karmic matter for the sake of sensual pleasures, the karmas also do not provide him with various kinds of pleasure-giving objects.

---

सम्यग्दृष्टि सप्तभय मुक्त होता है -

**सम्मादिट्ठी जीवा णिस्संका होंति णिब्भया तेण।**
**सत्तभयविप्पमुक्का जम्हा तम्हा दु णिस्संका।। (7-36-228)**

सम्यग्दृष्टि जीव नि:शंक होते हैं, इसलिये वे निर्भय होते हैं; क्योंकि वे सप्तभय से रहित होते हैं, इसलिए वे निश्चय ही नि:शंक होते हैं।

Souls with right belief are free from doubts and, therefore, they

are free from fear. Since they are free from seven kinds of fear, therefore, certainly they are free from doubts.

---

निःशंक सम्यग्दृष्टि का स्वरूप -

**जो चत्तारि वि पाये छिंददि ते कम्मबंधमोहकरे।**
**सो णिस्संको चेदा सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो।। (7-37-229)**

जो आत्मा कर्म-बन्ध का भ्रम उत्पन्न करने वाले उन चारों ही (मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगरूप चारों ही) पायों को काटता है, उसे निःशंक सम्यग्दृष्टि मननपूर्वक जानना चाहिये।

The soul which cuts all the four feet (wrong belief, non-abstinence, passion, and *yoga*), that create the notion of karmic bondage, must be understood to be a non-doubting right believer.

---

निःकांक्षित सम्यग्दृष्टि -

**जो दु ण करेदि कंखं कम्मफले तह य सव्वधम्मेसु।**
**सो णिक्कंखो चेदा सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो।। (7-38-230)**

जो आत्मा कर्मों के फल की तथा समस्त धर्मों की कांक्षा (इच्छा) नहीं करता, उसे निष्कांक्ष सम्यग्दृष्टि मननपूर्वक जानना चाहिये।

The soul which does not desire for the fruits of various karmas, and for any attributes of physical things, must be understood to be a desire-free right believer.

---

निर्विचिकित्सा अंग का लक्षण -

**जो ण करेदि दुगुंछं चेदा सव्वेसिमेव धम्माणं।**
**सो खलु णिव्विदिगिंछो सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो॥**

**(7-39-231)**

जो आत्मा सभी धर्मों के प्रति जुगुप्सा (ग्लानि) नहीं करता है उसे वस्तुतः निर्विचिकित्स सम्यग्दृष्टि मननपूर्वक जानना चाहिये।

The soul which does not exhibit revulsion (disgust) for attributes of physical things must be understood to be a revulsion-free right believer.

---

अमूढ़दृष्टि का कथन -

**जो हवदि असम्मूढो चेदा सद्दिट्ठि सव्वभावेसु।**
**सो खलु अमूढदिट्ठी सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो॥**

**(7-40-232)**

जो आत्मा समस्त भावों में अमूढ़ और यथार्थ दृष्टि वाला होता है, उसे वस्तुतः अमूढ़दृष्टि सम्यग्दृष्टि मननपूर्वक जानना चाहिये।

The soul which exhibits, in all dispositions, a view that is free from errors, and conforming to reality, must be understood to be a non-deluded right believer.

---

उपगूहन का स्वरूप -

**जो सिद्धभत्ति जुत्तो उवगूहणगो दु सव्वधम्माणं।**
**सो उवगूहणगारी सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो।। (7-41-233)**

जो आत्मा (शुद्धात्म भावनारूप) सिद्धभक्ति से युक्त है और समस्त रागादिविभाव धर्मों का उपगूहक (नाश करने वाला) है, उसे उपगूहनकारी सम्यग्दृष्टि मननपूर्वक जानना चाहिये।

The soul which is full of contemplation and devotion to the Omniscient Lord and is the annihilator of all contrary dispositions such as attachment etc., must be understood to be an annihilator right believer.

---

स्थितिकरण अंग -

**उम्मग्गं गच्छंतं सगं पि मग्गे ठवेदि जो चेदा।**
**सो ठिदिकरणाजुत्तो सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो।। (7-42-234)**

जो आत्मा उन्मार्ग में जाते हुए स्वयं अपनी आत्मा को भी शिवमार्ग में स्थापित करता है, उसे स्थितिकरण युक्त सम्यग्दृष्टि मननपूर्वक जानना चाहिये।

The soul which, when going astray, re-establishes firmly on the path to liberation, must be understood to be an unwavering right believer.

---

वात्सल्य अंग की परिभाषा -

**जो कुणदि वच्छलत्तं तिण्हं साहूण मोॅक्खमग्गम्मि।**
**सो वच्छलभावजुदो सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो।। (7-43-235)**

जो आत्मा मोक्षमार्ग में तीन - सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र - इन तीन साधनों अथवा मोक्षमार्ग के साधक तीन साधुओं - आचार्य, उपाध्याय और साधुओं - के प्रति वात्सल्य करता है, उसे वात्सल्यभाव से युक्त सम्यग्दृष्टि मननपूर्वक जानना चाहिये।

The soul which shows tenderness and affection toward the three cornerstones of the path to liberation – right faith, right knowledge, and right conduct – and the three explorers of the path to liberation – chief preceptor, preceptor, and ascetic – must be understood to be a right believer endowed with tenderness.

---

आत्मज्ञानविहारी जिनज्ञान प्रभावी है -

**विज्जारहमारूढो मणोरहपहेसु भमदि जो चेदा।**
**सो जिणणाणपहावी सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो।। (7-44-236)**

जो आत्मा विद्या (ज्ञान) रूपी रथ में आरुढ़ हुआ मनोरथ–मार्ग में भ्रमण करता है, उसे जिनेन्द्रदेव के ज्ञान की प्रभावना करने वाला सम्यग्दृष्टि (मननपूर्वक) जानना चाहिये।

The soul which, mounted on the 'chariot' of learning (knowledge), moves on course to the desired goal, must be understood to be a right believer, promulgating the teachings of the Omniscient Lord.

**इदि सत्तमो णिज्जराधियारो समत्तो**

# अट्ठमो बंधाधियारो

## BONDAGE OF KARMAS

रागादि से कर्म-बन्ध होता है -

**जह णाम को वि पुरिसो णेहब्भत्तो दु रेणबहुलम्मि।**
**ठाणम्मि ठाइदूण य करेदि सत्थेहि वायामं।।** **(8-1-237)**

**छिंददि भिंददि य तहा तालीतलकयलिवंसपिंडीओ।**
**सच्चित्ताचित्ताणं करेदि दव्वाणमुवघादं।।** **(8-2-238)**

**उवघादं कुव्वंतस्स तस्स णाणाविहेहिं करणेहिं।**
**णिच्छयदो चिंतेज्ज हु किं पच्चयगो दु रयबंधो।।** **(8-3-239)**

**जो सो दु णेहभावो तम्हि णरे तेण तस्स रयबंधो।**
**णिच्छयदो विण्णेयं ण कायचेट्ठाहि सेसाहिं।।** **(8-4-240)**

**एवं मिच्छादिट्ठी वट्टंतो बहुविहासु चिट्ठासु।**
**रायादी उवओगे कुव्वंतो लिप्पदि रयेण।।** **(8-5-241)**

जिस प्रकार कोई पुरुष शरीर में तेल लगाकर और बहुत धूल वाले स्थान में रहकर शस्त्रों से व्यायाम करता है, और ताड़, तमाल, कदली और बाँस के समूह को छेदता और भेदता है तथा सचित्त ओर अचित्त द्रव्यों का उपघात करता है; नाना प्रकार के

करणों के द्वारा उपघात करते हुए उसके धूलि का बन्ध किस कारण से होता है; यह निश्चय से विचार करो।

उस मनुष्य के शरीर पर वह जो तेल की चिकनाहट है, उसके कारण उस मनुष्य के धूलि-बन्ध होता है, काय की शेष चेष्टाओं से नहीं होता - यह निश्चय से जानना चाहिये।

इसी प्रकार नाना प्रकार की चेष्टाओं में प्रवर्तमान मिथ्यादृष्टि उपयोग में रागादि भावों को करता हुआ कर्म-रज से लिप्त होता है।

A man, living in a place full of dust and with oil applied on his body, exercises with weapons like sword, dagger etc., pierces and slits clusters of trees such as palm, *tamāl*, plantain, and bamboo, and breaks up animate and inanimate objects; think about the real reason why he attracts dust particles onto his body while performing such destructive activities.

The stickiness of oil applied on his body is the reason for him attracting dust particles; know for sure that this attraction is not due to his bodily actions.

In the same way, a wrong believer, while engaged in various activities, attracts karmic dust due to dispositions like attachment.

---

रागादि के अभाव में कर्म-बन्ध का अभाव -

**जह पुण सो चेव णरो णेहे सव्वम्हि अवणिदे संते।**
**रेणुबहुलम्मि ठाणे करेदि सत्थेहि वायामं।।** **(8-6-242)**

**छिंददि भिंददि य तहा तालीतलकयलिवंसपिंडीओ।**
**सच्चित्ताचित्ताणं करेदि दव्वाणमुवघादं।। (8-7-243)**

**उवघादं कुव्वंतस्स तस्स णाणाविहेहिं करणेहिं।**
**णिच्छयदो चिंतेंज्ज दु किं पच्चयगो ण रयबंधो।। (8-8-244)**

**जो सो दु णेहभावो तम्हि णरे तेण तस्स रयबंधो।**
**णिच्छयदो विण्णेयं ण कायचेट्ठाहि सेसाहिं।। (8-9-245)**

**एवं सम्मादिट्ठी वट्टंतो बहुविहेसु जोगेसु।**
**अकरंतो उवओगे रागादी ण लिप्पदि रयेण।। (8-10-246)**

जिस प्रकार पुन: वही मनुष्य समस्त तेल के दूर किये जाने पर बहुत धूल वाले स्थान में शस्त्रों से व्यायाम करता है तथा ताड़, तमाल, कदली और बाँस के समूह को छेदता और भेदता है, सचित्त और अचित्त द्रव्यों का उपघात करता है। नाना प्रकार के करणों से उपघात करते हुए उसके किस कारण से धूलि का बन्ध नहीं होता, निश्चय से यह विचार करो।

उस मनुष्य के शरीर पर वह जो तेल की चिकनाई थी, उसके कारण उसके धूलि का बन्ध होता था, काय की शेष चष्टाओं से धूलि-बन्ध नहीं होता, यह निश्चयपूर्वक जानो।

इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीव नाना प्रकार के योगों में वर्तन करते हुए उपयोग में रागादि भावों को नहीं करता; इसलिए वह कर्म-रज से लिप्त नहीं होता।

Further, the same person, living in a place full of dust but after removing all oil that was sticking to his body, exercises with

weapons like sword, dagger etc., pierces and slits clusters of trees such as palm, *tamāl*, plantain, and bamboo, and breaks up animate and inanimate objects; think about the real reason why he does not attract dust particles onto his body while performing such destructive activities.

The stickiness of oil applied on his body was the reason for him attracting dust particles; know for sure that this attraction was not due to his bodily actions.

In the same way, a right believer, while engaged in various activities, does not attract karmic dust due to the absence of dispositions like attachment.

---

ज्ञानी और अज्ञानी की पहचान -

**जो मण्णदि हिंसामि य हिंसिज्जामि य परेहि सत्तेहिं।**
**सो मूढो अण्णाणी णाणी एत्तो दु विवरीदो।।** **(8-11-247)**

जो पुरुष मानता है कि मैं परजीव को मारता हूँ और दूसरे जीवों के द्वारा मैं मारा जाता हूँ, वह पुरुष मोही और अज्ञानी है; और जो इससे विपरीत है (जो ऐसा नहीं मानता), वह ज्ञानी है।

The man who believes that he kills other beings and gets killed by other beings, is under delusion and is ignorant. The man who thinks otherwise is the knower.

---

आयुकर्म के क्षय से ही मरण होता है -

**आउक्खयेण मरणं जीवाणं जिणवरेहि पण्णत्तं।**
**आउं च ण हरसि तुमं किह ते मरणं कदं तेसिं।।**

**(8-12-248)**

**आउक्खयेण मरणं जीवाणं जिणवरेहि पण्णत्तं।**
**आउं ण हरंति तुहं किह ते मरणं कदं तेहिं।।**

**(8-13-249)**

जीवों का मरण आयुकर्म के क्षय से होता है, जिनेन्द्रदेव ने ऐसा बताया है, और तू उनके आयुकर्म को हरता नहीं है, तब तूने उन परजीवों का मरण किस प्रकार किया।

जीवों का मरण आयुकर्म के क्षय से होता है, जिनेन्द्रदेव ने ऐसा बताया है; परजीव तेरा आयुकर्म हरते नहीं हैं, तब उन्होंने तेरा मरण किस प्रकार किया।

The death of a living being is due to the termination of his life-determining karma; this has been declared by the Omniscient Lord. You cannot snatch the life-determining karma of any beings, then, how have you caused their death?

The death of a living being is due to the termination of his life-determining karma; this has been declared by the Omniscient Lord. No other beings can snatch your life-determining karma, then, how have they caused your death?

अज्ञानी और ज्ञानी -

**जो मण्णदि जीवेमि य जीविस्सामि य परेहि सत्तेहिं।**
**सो मूढो अण्णाणी णाणी एत्तो दु विवरीदो॥ (8-14-250)**

जो पुरुष ऐसा मानता है कि मैं परजीवों को जिलाता हूँ और परजीव मुझे जिलाते हैं, वह पुरुष मोही है और अज्ञानी है और जो इससे विपरीत है (जो ऐसा नहीं मानता), वह ज्ञानी है।

The man who believes that he causes other beings to live, and that he lives because of other beings, is under delusion and is ignorant. The man who thinks otherwise is the knower.

---

आयुकर्म के उदय से ही जीवन है -

**आउउदयेण जीवदि जीवो एवं भणंति सव्वण्हू।**
**आउं च ण देसि तुमं कहं तए जीविदं कदं तेसिं॥**

**(8-15-251)**

**आउउदयेण जीवदि जीवो एवं भणंति सव्वण्हू।**
**आउं ण देंति तुहं कहं णु ते जीविदं कदं तेहिं॥**

**(8-16-252)**

जीव आयुकर्म के उदय से जीता है, ऐसा सर्वज्ञदेव कहते हैं। तू अन्य जीवों को आयुकर्म नहीं देता, तब तूने उन परजीवों को किस प्रकार जीवित किया।

जीव आयुकर्म के उदय से जीता है, ऐसा सर्वज्ञदेव कहते हैं। परजीव तुझे आयुकर्म देते नहीं, तब उन परजीवों ने तुझे जीवित किस प्रकार किया।

The life-span of a living being is determined by his life-determining karma; this has been declared by the Omniscient Lord. You cannot give life-determining karma to any beings, then, how have you given them life?

The life-span of a living being is determined by his life-determining karma; this has been declared by the Omniscient Lord. No other beings can give you life-determining karma, then, how have they given you life?

---

अज्ञानी और ज्ञानी का अन्तर –

**जो अप्पणा दु मण्णदि दुक्खिदसुहिदे करेमि सत्ते त्ति।**
**सो मूढो अण्णाणी णाणी एत्तो दु विवरीदो॥ (8-17-253)**

जो ऐसा मानता है कि मैं अपने द्वारा (अपने सम्बन्ध से ही) परजीवों को दुखी और सुखी करता हूँ, वह मोही और अज्ञानी है। जो इससे विपरीत मानता है, वह ज्ञानी है।

The man who believes that he is the cause of misery or happiness of other beings, is under delusion and is ignorant. The man who thinks otherwise is the knower.

---

जीव कर्म के उदय से दुखी–सुखी होते हैं –

**कम्मोदयेण जीवा दुक्खिदसुहिदा हवंति जदि सव्वे।**
**कम्मं च ण देसि तुमं दुक्खिदसुहिदा किह कदा ते॥**

**(8-18-254)**

**कम्मोदयेण जीवा दुक्खिदसुहिदा हवंति जदि सव्वे।**
**कम्मं च ण दिंति तुमं कदोसि किह दुक्खिदो तेहिं॥**

**(8-19-255)**

**कम्मोदयेण जीवा दुक्खिदसुहिदा हवंति जदि सव्वे।**
**कम्मं च ण दिंति तुमं किह तं सुहिदो कदो तेहिं॥**

**(8-20-256)**

यदि कर्म के उदय से सब जीव दुखी और सुखी होते हैं और तू उन्हें कर्म तो देता नहीं है, तब वे जीव तूने दुखी और सुखी किस प्रकार किये।

यदि सभी जीव कर्म के उदय से दुखी और सुखी होते हैं और वे तुझे कर्म देते नहीं, तब तुझे उन जीवों ने किस प्रकार दुखी किया।

यदि सभी जीव कर्म के उदय से दुखी और सुखी होते हैं और वे जीव तुझे कर्म तो देते नहीं हैं, तब उन्होंने तुझे सुखी कैसे किया।

If all living beings become miserable or happy due to the fruition of karmas, and since you do not give them karmas, how have you made them miserable or happy?

If all living beings become miserable or happy due to the fruition of karmas, and since they do not give you karmas, how have they

made you miserable?

If all living beings become miserable or happy due to the fruition of karmas, and since they do not give you karmas, how have they made you happy?

---

मरण और दु:ख कर्मोदय से होता है -

**जो मरदि जो य दुहिदो जायदि कम्मोदयेण सो सव्वो।**
**तम्हा दु मारिदो दे दुहाविदो चेदि ण हु मिच्छा॥**

**(8-21-257)**

**जो ण मरदि ण य दुहिदो सो वि य कम्मोदयेण खलु जीवो।**
**तम्हा ण मारिदो णो दुहाविदो चेदि ण हु मिच्छा॥**

**(8-22-258)**

जो मरता है ओर जो दुखी होता है, वह सब कर्म के उदय से होता है; इसलिए 'मैंने अमुक को मार दिया और मैंने अमुक को दुखी किया' ऐसा तेरा अभिप्राय क्या वास्तव में मिथ्या नहीं है?

जो न मरता है और न जो दुखी होता है, वह जीव भी वास्तव में कर्म के उदय से ही होता है; इसलिए 'इसे मैंने नहीं मारा और इसे मैंने दुखी नहीं किया' ऐसा तेरा अभिप्राय क्या मिथ्या नहीं है?

If one dies or becomes miserable, all this is due to the fruition of karmas. Therefore, your view that you have killed or caused suffering to somebody, is it not erroneous?

If one does not die or does not become miserable, all this also is due to the fruition of karmas. Therefore, your view that you have not killed or not caused suffering to somebody, is it not erroneous?

---

मूढ़बुद्धि बन्ध का कारण है -

**एसा दु जा मदी दे दुक्खिदसुहिदे करेमि सत्ते त्ति।**
**एसा दे मूढमदी सुहासुहं बंधदे कम्मं।। (8-23-259)**

तेरी यह जो बुद्धि है कि मैं जीवों को दुखी-सुखी करता हूँ, यह तेरी मूढ़ बुद्धि ही शुभाशुभ कर्मों को बाँधती है।

Your conviction that you give misery or happiness to other living beings is a delusion which engenders bondages of karmas resulting into merit or demerit.

---

मिथ्याध्यवसान बन्ध का कारण है -

**दुक्खिदसुहिदे सत्ते करेमि जं एवमज्झवसिदं ते।**
**तं पावबंधगं वा पुण्णस्स व बंधगं होदि।। (8-24-260)**

**मारेमि जीववेमि य सत्ते जं एवमज्झवसिदं ते।**
**तं पावबंधगं वा पुण्णस्स व बंधगं होदि।। (8-25-261)**

मैं जीवों को दुखी और सुखी करता हूँ, इस प्रकार का जो तेरा (रागादि) अध्यवसान है, वह अध्यवसान पाप का बन्ध करने वाला अथवा पुण्य का बन्ध करने वाला है।

मैं जीवों को मारता हूँ, और जिलाता हूँ, इस प्रकार का जो तेरा (रागादि) अध्यवसान है, वह अध्यवसान पाप का बन्ध करने वाला अथवा पुण्य का बन्ध करने वाला है।

That you give misery or happiness to other living beings, your disposition (involving attachment etc.) of this kind is the cause of bondage – resulting into either demerit or merit.

That you kill other beings or cause them to live, your disposition (involving attachment etc.) of this kind is the cause of bondage – resulting into either demerit or merit.

---

निश्चयनय से बन्ध का कारण -

**अज्झवसिदेण बंधो सत्ते मारेहि मा व मारेहि।**
**एसो बंधसमासो जीवाणं णिच्छयणयस्स।।** **(8-26-262)**

जीवों को मारो अथवा न मारो, कर्म-बन्ध अध्यवसान से होता है। यह निश्चयनय से जीवों के बन्ध का संक्षेप है।

Whether you kill or do not kill living beings, bondage takes place due to your own disposition. This is the cause of bondage of living beings, from the pure, transcendental point of view, in a nutshell.

---

अध्यवसान से पाप, पुण्य का बन्ध -

**एवमलिये अदत्ते अबंभचेरे परिग्गहे चेव।**
**कीरदि अज्झवसाणं जं तेण दु बज्झदे पावं।। (8-27-263)**

**तह वि य सच्चे दत्ते बंहे अपरिग्गहत्तणे चेव।**
**कीरदि अज्झवसाणं जं तेण दु बज्झदे पुण्णं।। (8-28-264)**

इसी प्रकार (हिंसा के अध्यवसान के समान) असत्य में, चोरी में, अब्रह्मचर्य में और परिग्रह में जो अध्यवसान किया जाता है, उससे पाप का बन्ध होता है।

और इसी प्रकार सत्य में, अचौर्य में, ब्रह्मचर्य में और अपरिग्रह में जो अध्यवसान किया जाता है, उससे पुण्य का बन्ध होता है।

In the same way (like the disposition pertaining to injury or violence), dispositions of involvement in falsehood, stealing, unchastity, and possessions, cause bondage resulting into demerit.

And in the same way, dispositions of involvement in truthfulness, non-stealing, celibacy, and renunciation, cause bondage resulting into merit.

---

बन्ध वस्तु से नहीं होता -

**वत्थुं पडुच्च तं पुण अज्झवसाणं तु होदि जीवाणं।**
**ण हि वत्थुदो दु बंधो अज्झवसाणेण बंधो त्ति। (8-29-265)**

पुन: (चेतनाचेतन बाह्य) वस्तु का आलम्बन लेकर जीवों के वह रागादि अध्यवसान होता है। वास्तव में वस्तु से बन्ध नहीं होता, अध्यवसान से ही बन्ध होता है।

Further, the Self, conditioned by objects (external – animate and inanimate), entertains dispositions of attachment etc. In reality, objects are not the cause of bondage; it is only due to dispositions.

---

मोह-बुद्धि निरर्थक है -

**दुक्खिदसुहिदे जीवे करेमि बंधेमि तह विमोचेमि।**
**जा एसा मूढमदी णिरत्थया सा हु दे मिच्छा।। (8-30-266)**

मैं जीवों को दुखी-सुखी करता हूँ, उन्हें बँधवाता हूँ, छुड़ाता हूँ, तेरी जो ऐसी मूढ़बुद्धि है वह निरर्थक है, अत: वास्तव में वह मिथ्या है।

That I am responsible for making the other living beings miserable or happy, cause them to be bound or released, this assertion of yours is fraught with delusion, is futile, and, therefore, erroneous, for sure.

---

पर कर्तृत्व का अहंकार निरर्थक है -

**अज्झवसाणणिमित्तं जीवा बज्झंति कम्मणा जदि हि।**
**मुच्चंति मोंक्खमग्गे ठिदा य ते किं करोसि तुमं।। (8-31-267)**

यदि वास्तव में अध्यवसान के निमित्त से जीव कर्मों से बँधते हैं और मोक्षमार्ग में स्थित वे कर्मों से मुक्त होते हैं, तब तू क्या करता है? (अर्थात् दूसरों को बाँधने-छोड़ने का तेरा अध्यवसान निष्प्रयोजन रहा)।

If, in reality, the living beings get bondages of karmas due to dispositions, and, treading on the path to liberation, they get dissociated from such bondages, then what is your role? (Meaning thereby that your dispositions concerning binding or releasing others are useless.)

---

जीव निज को पररूप मानता है -

**सव्वे करेदि जीवो अज्झवसाणेण तिरियणेरइये।**
**देवमणुवे य सव्वे पुण्णं पावं अणेयविहं।।** **(8-32-268)**

**धम्माधम्मं च तहा जीवाजीवे अलोगलोगं च।**
**सव्वे करेदि जीवो अज्झवसाणेण अप्पाणं।।** **(8-33-269)**

जीव अध्यवसान के द्वारा तिर्यञ्च, नारक, देव और मनुष्य इन सब रूप और अनेक प्रकार के पुण्य और पाप इन सब रूप अपने आपको करता है।

तथा उसी प्रकार जीव अध्यवसान के द्वारा धर्म-अधर्म, जीव-अजीव, लोक और अलोक इन सब रूप अपने को करता है।

The Self, due to his dispositions, identifies himself with various

states of existence – subhuman (plants and animals), infernal, celestial, and human beings – and various kinds of bondages involving merit and demerit.

Similarly, due to his dispositions, he identifies himself with the medium of motion and the medium of rest, the soul and the non-soul, and the universe and beyond.

---

जिनके अध्यवसान नहीं, उनके कर्म-बन्ध नहीं -

**एदाणि णत्थि जेसिं अज्झवसाणाणि एवमादीणि।**
**ते असुहेण सुहेण य कम्मेण मुणी ण लिप्पंति।।** **(8-34-270)**

ये पूर्व में कहे गये अध्यवसान तथा इसी प्रकार के अन्य भी अध्यवसान जिनके नहीं हैं, वे मुनि अशुभ और शुभ कर्म से लिप्त नहीं होते हैं।

The ascetics who do not entertain the aforementioned, and similar other, dispositions remain free from bondages of karmas that result into merit or demerit.

---

अध्यवसान के नामान्तर -

**बुद्धी ववसाओ वि य अज्झवसाणं मदी य विण्णाणं।**
**ऍक्कट्ठमेव सव्वं चित्तं भावो य परिणामो।।** **(8-35-271)**

बुद्धि, व्यवसाय, अध्यवसान, मति, विज्ञान, चित्त, भाव और परिणाम ये सब एकार्थक हैं (अर्थात् जीव का परिणाम अध्यवसान है)।

Intellect, resolution, disposition, opinion, logic, reflection, emotion, and manifestation, all denote the same thing (meaning that the manifestation of *jīva* is due to dispositions).

---

निश्चयाश्रित ही निर्वाण को पाते हैं -

**एवं ववहारणओ पडिसिद्धो जाण णिच्छयणयेण।**
**णिच्छयणयासिदा पुण मुणिणो पावंति णिव्वाणं।।**

**(8-36-272)**

इस प्रकार व्यवहारनय निश्चयनय के द्वारा निषिद्ध जानो; पुनः निश्चयनय के आश्रित मुनि निर्वाण प्राप्त करते हैं।

Therefore, the empirical point of view *(vyavahāra naya)* is contradicted by the transcendental point of view *(nişchaya naya)*. The ascetics adopting the transcendental point of view attain liberation.

---

अभव्य का चारित्र व्यर्थ है -

**वदसमिदीगुत्तीओ सीलतवं जिणवरेहि पण्णत्तं।**
**कुव्वंतो वि अभव्वो अण्णाणी मिच्छदिट्ठी दु।।**

**(8-37-273)**

जिनेन्द्रदेव के द्वारा कथित व्रत, समिति, गुप्ति, शील और तप को करता हुआ भी अभव्य जीव अज्ञानी मिथ्यादृष्टि ही है।

Those incapable of attaining liberation, even though they may observe vows, carefulness, control, supplementary vows, and practice austerities as prescribed by the Omniscient, remain without knowledge and are wrong believers.

---

अभव्य का शास्त्र–पाठ गुणकारी नहीं है –

**मोंक्खं असद्दहंतो अभवियसत्तो दु जो अधीयेंज्ज।**
**पाठो ण करेदि गुणं असद्दहंतस्स णाणं तु।।** **(8-38-274)**

जो अभव्यजीव है वह शास्त्र तो पढ़ता है, किन्तु मोक्षतत्त्व का श्रद्धान नहीं करता तो ज्ञान का श्रद्धान न करने वाले उस अभव्य जीव का शास्त्र–पाठ कोई लाभ नहीं करता है।

The *abhavya* (one incapable of attaining liberation), even though he may have studied the scriptures, but having no faith in the substance *(tattva)* called liberation *(mokşa)*, then, not having faith in true knowledge, his study of the scriptures is of no use.

---

अभव्य की श्रद्धा निरर्थक है –

**सद्दहदि य पत्तियदि य रोचेदि य तह पुणो वि फासेदि य।**
**धम्मं भोगणिमित्तं ण हु सो कम्मक्खयणिमित्तं।।** **(8-39-275)**

वह अभव्य जीव भोग के निमित्तभूत धर्म का ही श्रद्धान करता है, (उसी की) प्रतीति करता है, (उसी की) रुचि करता है तथा पुनः (उसी का) स्पर्श करता है, परन्तु कर्म-क्षय के निमित्तरूप (धर्म की श्रद्धा, प्रतीति, रुचि और स्पर्श) नहीं करता।

Such a person (incapable of attaining liberation), has faith in the *dharma* only to the extent of achieving worldly pleasures; he loves it, takes interest in it, and touches it. But for the *dharma* that is instrumental in dissociation of karmas, he does not have faith, love, interest or tactile-feeling.

---

व्यवहार और निश्चय का स्वरूप -

**आयारादी णाणं जीवादी दंसणं च विण्णेयं।**
**छज्जीवणिकं च तहा भणदि चरित्तं तु ववहारो।।**

**(8-40-276)**

**आदा हु मज्झ णाणं आदा मे दंसणं चरित्तं च।**
**आदा पच्चक्खाणं आदा मे संवरो जोगो।।**

**(8-41-277)**

आचारांग आदि शास्त्र ज्ञान है, जीवादि तत्त्व दर्शन जानना चाहिये और छह जीवनिकाय चारित्र है - इस प्रकार तो व्यवहारनय कहता है।

निश्चय से मेरी आत्मा ही ज्ञान है, मेरी आत्मा ही दर्शन और चारित्र है, मेरी आत्मा ही प्रत्याख्यान है और मेरी आत्मा ही संवर और योग है (यह निश्चयनय का कथन है)।

(Understanding of) the scriptures *(Āchārāng)* is knowledge, (belief in) substances like *jīva* is faith, and (protection of) six kinds of organisms is conduct; this is the empirical point of view *(vyavahāra naya)*.

Surely, the Self is knowledge, the Self is faith and conduct, the Self is renunciation, and the Self is stoppage of karmas, and *yoga*; this is the transcendental point of view *(nişchaya naya)*.

---

भावकर्म से रागादि परिणति -

**जह फलिहमणि विसुद्धो ण सयं परिणमदि रागमादीहिं।**
**रंगिज्जदि अण्णेहिं दु सो रत्तादीहि दव्वेहिं।। (8-42-278)**

**एवं णाणी सुद्धो ण सयं परिणमदि रागमादीहिं।**
**रागिज्जदि अण्णेहिं दु सो रागदीहि दोसेहिं।। (8-43-279)**

जैसे स्फटिक मणि विशुद्ध है, वह स्वयं लाल आदि वर्ण रूप से परिणत नहीं होती; परन्तु वह अन्य लाल आदि वर्ण वाले द्रव्यों से लाल आदि रूप परिणमन करती है। इसी प्रकार ज्ञानी (आत्मा स्वयं तो) शुद्ध है। वह रागादि रूप स्वयं परिणमन नहीं करता; परन्तु वह अन्य रागादि दोषों से राग रूप परिणमन करता है।

Just as a crystal, which is pure, does not alter its colour by itself, but when in proximity with coloured (like red) objects, seems to acquire red tinge, similarly the knowledgeable Self is pure, and does not acquire modifications like attachment by itself. But due to dispositions like attachment, its purity gets tainted.

---

ज्ञानी रागादि का कर्ता नहीं है -

**ण वि रागदोसमोहं कुव्वदि णाणी कसायभावं वा।**
**सयमप्पणो ण सो तेण कारगो तेसिं भावाणं॥ (8-44-280)**

ज्ञानी राग, द्वेष, मोह को अथवा कषाय भाव को स्वयं निजरूप नहीं करता है, इसलिए वह उन भावों का कर्ता नहीं है।

The knowledgeable Self does not, on his own accord, produce in himself dispositions like attachment, aversion, delusion or passions. Therefore, he is not the causal agent for these dispositions.

---

अज्ञानी रागादि का कर्ता है -

**रागम्हि य दोसम्हि य कसायकम्मेसु चेव जे भावा।**
**तेहिं दु परिणमंतो रागादी बंधदि पुणो वि॥ (8-45-281)**

राग के हाने पर, द्वेष के होने पर और कषाय कर्मों के होने पर जो भाव होते हैं, उन रूप परिणमन करता हुआ (अज्ञानी) रागादि को बार-बार बाँधता है।

Due to dispositions of attachment, aversion, and passions, the psychic manifestations of the ignorant cause bondages of such karmas, time and again.

---

रागादि से कर्मबन्ध होता है -

**रागम्हि य दोसम्हि य कसायकम्मेसु चेव जे भावा।**
**तेहिं दु परिणमंतो रागादी बंधदे चेदा।। (8-46-282)**

राग, द्वेष और कषाय कर्मरूप (द्रव्यकर्म के उदय) होने पर जो रागादि परिणाम होते हैं, उन रूप परिणमन करता हुआ आत्मा रागादि को बाँधता है।

(निष्कर्ष यह है कि कर्म-बन्ध के कारण रागादि भाव होते हैं और रागादि भाव कर्म-बन्ध का कारण हैं।)

On the fruition of material karmas pertaining to attachment, aversion, and passions, the psychic manifestations (like attachment) of the Self cause bondages of karmas.

(The inference is that karmic bondages cause dispositions, like attachment; and dispositions, like attachment, cause karmic bondages.)

---

प्रतिक्रमण का स्वरूप -

**अप्पडिकमणं दुविहं अपच्चक्खाणं तहेव विण्णेयं।**
**एदेणुवदेसेण दु अकारगो वण्णिदो चेदा।। (8-47-283)**

**अप्पडिकमणं दुविहं दव्वे भावे अपच्चक्खाणं पि।**
**एदेणुवदेसेण दु अकारगो वण्णिदो चेदा।। (8-48-284)**

**जाव ण पच्चक्खाणं अप्पडिकमणं च दव्वभावाणं।**
**कुव्वदि आदा ताव दु कत्ता सो होदि णादव्वो।। (8-49-285)**

(पूर्वानुभूत विषयरागादिरूप) अप्रतिक्रमण दो प्रकार का है। इसी प्रकार (भावी विषयाकांक्षारूप) अप्रत्याख्यान (दो प्रकार का) जानना चाहिये। इस उपदेश से आत्मा अकारक कहा गया है। अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान भी द्रव्य और भावरूप से दो प्रकार का है। इस उपदेश से आत्मा अकारक कहा गया है। जब तक आत्मा द्रव्य और भाव का प्रत्याख्यान नहीं करता और प्रतिक्रमण नहीं करता, तब तक वह आत्मा (कर्मों का) कर्ता होता है, ऐसा जानना चाहिये।

Non-repentance (of past perversions like attachment) is of two kinds. Similarly, non-renunciation (of future perversions like desire) is of two kinds. This teaching entails that the Self is not their causal agent. Non-repentance and non-renunciation are also of two kinds each – physical and psychical. This teaching entails that the Self is not their causal agent. Know that so long as the Self does not follow renunciation and repentance, of physical and psychical dispositions, till then he is the causal agent of the karmas.

---

ज्ञानी मुनि को आहार निमित्तक बन्ध नहीं है -

**आधाकम्मादीया पोंग्गलदव्वस्स जे इमे दोसा।**
**किह ते कुव्वदि णाणी परदव्वगुणा दु जे णिच्चं।।**

**(8-50-286)**

**आधाकम्मं उद्देसियं च पोग्गलमयं इमं दव्वं।**
**किह तं मम होदि कदं जं णिच्चमचेदणं वुत्तं॥**

**(8-51-287)**

अध:कर्म आदि जो ये पुद्गलद्रव्य के दोष हैं, उनको ज्ञानी (आत्मा) किस प्रकार कर सकता है, जो कि सदा परद्रव्य के गुण हैं। यह अध:कर्म और औद्देशिक पुद्गलमय द्रव्य हैं। वह मेरा किया किस प्रकार हो सकता है जो सदा अचेतन कहा गया है।

How can a knowledgeable Self be responsible for the results of actions like preparing food for family and saint, *adhahkarma*, which are defects of the material substances, having qualities alien to those of the Self? Results of actions like *adhahkarma*, and food prepared specially for saint *(auddeşik)*, are material in nature. How can these be my doings as these are perennially devoid of consciousness?

---

**अट्ठमो बंधाधियारो समत्तो**

# णवमो मोॅक्खाधियारो

## THE LIBERATION

बन्ध के ज्ञानमात्र से मोक्ष नहीं -

**जह णाम को वि पुरिसो बंधणयम्हि चिरकालपडिबद्धो।**
**तिव्वं मंदसहावं कालं च वियाणदे तस्स॥**

**(9-1-288)**

**जदि ण वि कुव्वदि छेदं ण मुच्चदे तेण बंधणवसो सं।**
**कालेण दु बहुगेण वि ण सो णरो पावदि विमोॅक्खं॥**

**(9-2-289)**

**इय कम्मबंधणाणं पदेसपयडिट्ठिदी य अणुभागं।**
**जाणंतो वि ण मुच्चदि मुच्चदि सव्वे जदि विसुद्धो॥**

**(9-3-290)**

जैसे बन्धन में बहुत समय से बँधा हुआ कोई पुरुष उस बन्धन के तीव्र-मन्द स्वभाव को और उसके काल को जानता है, यदि वह उस बन्धन को नहीं काटता है तो वह उस बन्धन से नहीं छूटता और बन्धन के वश हुआ वह मनुष्य बहुत काल में भी छुटकारा नहीं पाता।

इसी प्रकार जीव कर्म-बन्धनों के प्रदेश, प्रकृति, स्थिति और अनुभाग को जानता हुआ भी कर्म-बन्ध से नहीं छूटता। यदि वह रागादि को दूरकर शुद्ध होता है तो सम्पूर्ण कर्म-बन्ध से छूट जाता है।

A man, bound in shackles for a long time, knows the nature of his bondage, intense or feeble, and also its duration. He cannot get rid of the bondage till the time he is able to break the shackles. Without such an effort, he cannot get freedom for a very long time.

In the same way, the Self, while knowing the nature of the karmic bondages – quantity of space-points, species, duration, and fruition – does not get rid of these bondages (till he makes an effort). If he attains purity by abandoning attachment etc., he can get rid of all karmic bondages.

---

बन्ध की चिन्तामात्र से मोक्ष नहीं –

**जह बंधे चिंतंतो बंधणबद्धो ण पावदि विमोॅक्खं।**
**तह बंधे चिंतंतो जीवो वि ण पावदि विमोॅक्खं।। (9-4-291)**

जिस प्रकार बन्धन में पड़ा हुआ कोई पुरुष उस बन्धन की चिन्ता करता हुआ (चिन्ता करने मात्र से) छुटकारा नहीं पाता, उसी प्रकार जीव भी कर्म-बन्ध की चिन्ता करता हुआ (चिन्ता करने मात्र से) मुक्ति नहीं पाता।

Just as a man, bound in shackles, cannot get rid of the bondage merely by worrying about it, similarly, a man cannot get liberated from karmic bondage merely by worrying about it.

---

कर्म-बन्ध के क्षय से मोक्ष होता है -

**जह बंधे छेंत्तूण य बंधणबद्धो दु पावदि विमोंक्खं।**
**तह बंधे छेंत्तूण य जीवो संपावदि विमोंक्खं।। (9-5-292)**

जिस प्रकार बन्धन में पडा हुआ कोई पुरुष बन्धनों को काटकर अवश्य ही मुक्ति प्राप्त करता है, उसी प्रकार जीव कर्म-बन्ध को काटकर मोक्ष प्राप्त करता है।

Just as a man, bound in shackles, can surely get rid of the bondage by breaking the shackles, similarly, a man can get liberated if he makes efforts to get rid of the karmic bondage.

---

भेद-विज्ञान से मोक्ष होता है -

**बंधाणं च सहावं वियाणिदुं अप्पणो सहावं च।**
**बंधेसु जो विरज्जदि सो कम्मविमोंक्खणं कुणदि।। (9-6-293)**

बन्धों के स्वभाव को और आत्मा के स्वभाव को जानकर जो पुरुष बन्धों के प्रति विरक्त होता है, वह कर्मों से मुक्त होता है।

After knowing the nature of the karmic bondages and also the nature of the Self, the man who keeps at bay all karmic bondages, gets liberated.

---

प्रज्ञा से भेद-विज्ञान होता है -

**जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहि णियदेहिं।**
**पण्णाछेदणएण दु छिण्णा णाणत्तमावण्णा॥ (9-7-294)**

जीव तथा बन्ध ये दोनों अपने-अपने निश्चित लक्षणों के द्वारा पृथक् किये जाते हैं। प्रज्ञा रूपी छुरी के द्वारा छेदे हुए (पृथक् किये हुए) ये नानारूप हो जाते हैं (पृथक् हो जाते हैं)।

The Self and the karmic bondage are differentiated on the basis of their own intrinsic nature. These two are chiselled (separated) with the help of the instrument of self-discrimination.

---

भेद-विज्ञान होने पर जीव का कर्त्तव्य -

**जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहि णियदेहिं।**
**बंधो छेदेदव्वो सुद्धो अप्पा य घेत्तव्वो॥ (9-8-295)**

जीव तथा बन्ध अपने-अपने निश्चित लक्षणों के द्वारा पृथक् किये जाते हैं। वहाँ बन्ध को तो (आत्मा से) पृथक् कर देना चाहिये और शुद्ध आत्मा को ग्रहण करना चाहिये।

The Self and the karmic bondage are differentiated (and separated) on the basis of their own intrinsic nature. The karmic bondage should be discarded and the pure soul ought to be realized.

---

प्रज्ञा के द्वारा ही आत्मा को ग्रहण करना चाहिये –

**किह सो घेंप्पदि अप्पा पण्णाए सो दु घेंप्पदे अप्पा।**
**जह पण्णाइ विहत्तो तह पण्णाएव घेंत्तव्वो।। (9-9-296)**

(शिष्य गुरू से पूछता है) वह शुद्ध आत्मा कैसे ग्रहण किया जा सकता है? (आचार्य उत्तर देते हैं) वह शुद्ध आत्मा प्रज्ञा के द्वारा ग्रहण किया जाता है। जैसे (पहले) प्रज्ञा के द्वारा विभक्त किया था, उसी प्रकार प्रज्ञा के द्वारा ही ग्रहण करना चाहिये।

(The disciple asks –) "How can one realize that pure soul?" (The *Āchārya* replies –) "That pure soul can be realized through self-discrimination. As earlier the pure soul was separated from the karmic bondage through self-discrimination, in the same way, the pure soul is realized through self-discrimination."

---

मैं चिदात्मा हूँ –

**पण्णाए घेंत्तव्वो जो चेदा सो अहं तु णिच्छयदो।**
**अवसेसा जे भावा ते मज्झ परे त्ति णादव्वा।। (9-10-297)**

प्रज्ञा के द्वारा इस प्रकार ग्रहण करना चाहिये कि जो चिदात्मा है, निश्चय से वह मैं हूँ; शेष जो भाव हैं, वे मुझसे पर हैं, यह जानना चाहिये।

Through self-discrimination, one must realize that 'I' is really the 'pure consciousness'; and, further, that all other dispositions are not part of oneself.

---

मैं दृष्टा मात्र हूँ –

**पण्णाए घेत्तव्वो जो दट्ठा सो अहं तु णिच्छयदो।**
**अवसेसा जे भावा ते मज्झ परे त्ति णादव्वा।। (9-11-298)**

प्रज्ञा के द्वारा इस प्रकार ग्रहण करना चाहिये कि जो देखने वाला दृष्टा है, निश्चय से वह मैं हूँ; शेष जो भाव हैं, वे मुझसे पर हैं, यह जानना चाहिये।

Through self-discrimination, one must realize that 'I' is really the 'seer' who sees; and, further, that all other dispositions are not part of oneself.

मैं ज्ञातामात्र हूँ –

**पण्णाए घेत्तव्वो जो णादा सो अहं तु णिच्छयदो।**
**अवसेसा जे भावा ते मज्झ परे त्ति णादव्वा।। (9-12-299)**

प्रज्ञा के द्वारा इस प्रकार ग्रहण करना चाहिये कि जो जानने वाला ज्ञाता है, निश्चय से वह मैं हूँ; शेष जो भाव हैं, वे मुझसे पर हैं, यह जानना चाहिये।

Through self-discrimination, one must realize that 'I' is really the 'knower' who knows; and, further, that all other dispositions are not part of oneself.

चिन्मात्र भाव ही अपने हैं –

**को णाम भणेज्ज बुहो णादुं सव्वे पराइए भावे।**
**मज्झमिणं ति य वयणं जाणंतो अप्पयं सुद्धं।।** **(9-13-300)**

आत्मा को शुद्ध जानता हुआ, शेष सब भावों को पर जानकर कौन बुद्धिमान 'ये भाव मेरे हैं' ऐसे वचन कहेगा।

Knowing the Self to be pure, and all dispositions to be alien, which knowledgeable person will utter these words, 'These dispositions belong to me.'?

---

सापराध और निरपराध आत्मा –

**थेयादी अवराहे कुव्वदि जो सो ससंकिदो होदि।**
**मा बज्झे हं केण वि चोरो त्ति जणम्हि वियरंतो।।**

**(9-14-301)**

**जो ण कुणदि अवराहे सो णिस्संको दु जणवदे भमदि।**
**ण वि तस्स बज्झिदुं जे चिंता उप्पज्जदि कया वि।।**

**(9-15-302)**

**एवं हि सावराहो बज्झामि अहं तु संकिदो चेदा।**
**जो पुण णिरावराहो णिस्संको हं ण बज्झामि।।**

**(9-16-303)**

जो पुरुष चोरी आदि अपराधों को करता है, वह पुरुष सशंकित रहता है कि मनुष्यों के बीच घूमते हुए 'चोर है' ऐसा जानकर किसी के द्वारा मैं बाँध न लिया जाऊँ। जो पुरुष अपराध नहीं करता, वह तो देश में निःशंक घूमता है क्योंकि उसके मन में बँधने की चिन्ता कभी उत्पन्न नहीं होती।

इसी प्रकार अपराधी आत्मा शंकित रहता है कि मैं (ज्ञानावरणादि कर्मों से) बन्ध को प्राप्त होऊँगा। यदि वह निरापराध हो तो निःशंक रहता है कि मैं नहीं बँधूँगा।

A man who commits crimes, like theft, is afraid of getting caught and arrested as he moves around. But the man who does not commit crimes, roams around in the midst of people without fear of getting caught and arrested.

In the same way, a guilty soul is afraid of getting bondage of karmas (like knowledge-obscuring karma). If the soul is not guilty, it remains unafraid of getting any karmic bondage.

---

निरपराध आत्मा निःशंक होता है -

**संसिद्धिराधसिद्धं साधिदमाराधिदं च एयट्ठं।**
**अवगदराधो जो खलु चेदा सो होदि अवराधो।। (9-17-304)**

**जो पुण णिरावराधो चेदा णिस्संकिदो दु सो होदि।**
**आराहणाइ णिच्चं वट्टदि अहमिदि वियाणंतो।। (9-18-305)**

संसिद्धि, राध, सिद्ध, साधित और आराधित ये सब एकार्थक हैं। जो आत्मा राधरहित है (निज शुद्धात्मा की आराधना से रहित है), वह आत्मा अपराध होता है; और जो

आत्मा निरपराध होता है, वह निःशंक होता है। ऐसा आत्मा 'मैं (उपयोग-स्वरूप एक शुद्ध आत्मा) हूँ' इस प्रकार जानता हुआ (शुद्धात्मसिद्धिरूप) आराधना से सदा ही वर्तता है।

Attainment, self-devotion, fulfillment, achievement, and adoration are synonymous. The soul which is devoid of self-devotion is a guilty soul. Only that soul which is not guilty is free from fear. Such a soul, knowing its true nature (pure consciousness), is always engrossed in the accomplishment of its pure nature.

---

विषकुम्भ और अमृतकुम्भ -

**पडिकमणं पडिसरणं पडिहरणं धारणा णियत्ती य।**
**णिंदा गरुहा सोही अट्ठविहो होदि विसकुंभो।। (9-19-306)**

**अपडिकमणमपडिसरणमप्पडिहारो अधारणा चेव।**
**अणियत्ती य अणिंदागरुहासोही अमयकुंभो।। (9-20-307)**

प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहार, धारणा, निवृत्ति, निन्दा, गर्हा और शुद्धि - यह आठ प्रकार का विषकुम्भ है (क्योंकि इसमें कर्तृत्व बुद्धि होती है)।

अप्रतिक्रमण, अप्रतिसरण, अपरिहार, अधारणा, अनिवृत्ति, अनिन्दा, अगर्हा और अशुद्धि - ये आठ अमृतकुम्भ हैं (क्योंकि इसमें कर्तृत्व का निषेध है)।

Repentance (of past sins), pursuit (of virtue), abandonment (of attachment etc.), concentration, abstinence, self-censure, confession, and purification (by expiation), these eight constitute the poison-pot (because in these the soul is comprehended to be a doer).

Non-repentance, non-pursuit, non-abandonment, non-concentration, non-abstinence, non-self-censure, non-confession, and non-purification, these eight constitute the nectar-pot (because these forbid the soul to be a doer).

---

**इदि णवमो मोॅक्खाधियारो समत्तो**

# दहमो सव्वविसुद्धणाणाधियारो

## THE ALL-PURE KNOWLEDGE

जीव अपने परिणामों का कर्ता है -

**दवियं जं उप्पज्जदि गुणेहि तं तेहि जाणसु अणण्णं।**
**जह कडयादीहिं दु य पज्जएहि कणयमणण्णमिह॥**

**(10-1-308)**

**जीवस्साजीवस्स य जे परिणामा दु देसिदा सुत्ते।**
**तं जीवमजीवं वा तेहिमणण्णं वियाणाहि॥ (10-2-309)**

**ण कुदोचि वि उप्पण्णो जम्हा कज्जं ण तेण सो आदा।**
**उप्पादेदि ण किंचि वि कारणमवि तेण ण सो होदि॥**

**(10-3-310)**

**कम्मं पडुच्च कत्ता कत्तारं तह पडुच्च कम्माणि।**
**उप्पज्जंते णियमा सिद्धी दु ण दिस्सदे अण्णा॥**

**(10-4-311)**

जो द्रव्य जिन गुणों से उत्पन्न होता है, उसे उन गुणों से अनन्य जानो। जैसे लोक में कटक आदि पर्यायों से स्वर्ण भिन्न नहीं है। जीव और अजीव के जो परिणाम सूत्र में कहे हैं, उन परिणामों से उस जीव और अजीव को अनन्य जानो; क्योंकि वह आत्मा किसी से उत्पन्न नहीं हुआ, इसलिए वह किसी का कार्य नहीं है; किसी अन्य को

उत्पन्न नहीं करता, इस कारण वह किसी का कारण भी नहीं है। नियम से कर्म का आश्रय करके कर्ता होता है तथा कर्ता का आश्रय करके कर्म उत्पन्न होते हैं। कर्ता-कर्म की अन्य कोई सिद्धि नहीं देखी जाती।

The qualities that produce a substance are no different from the substance itself; like gold in the form of a bracelet is no different from gold. Whatever modifications of the soul and the non-soul have been enumerated in the scripture, know that the soul and the non-soul are no different from these modifications. Since the soul is not produced by anything whatever, therefore, it is not an effect; it does not produce anything whatever, and, therefore, it is not a cause either. Only with reference to its conditioning by karmas the soul is said to be a doer, and, as a result, karmas are produced. Only this relationship of cause-effect, as a doer of karmas, gets established.

---

आत्मा और कर्म-प्रकृति का निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध -

**चेदा दु पयडीयट्ठं उप्पज्जदि विणस्सदि।**
**पयडी वि चेदयट्ठं उप्पज्जदि विणस्सदि।। (10-5-312)**

**एवं बंधो य दोण्हं पि अण्णोण्णपच्चया हवे।**
**अप्पणो पयडीए य संसारो तेण जायदे।। (10-6-313)**

यह आत्मा प्रकृति के निमित्त से उत्पन्न होता है और नष्ट होता है तथा वे कर्म-प्रकृतियाँ भी आत्मा के निमित्त से उत्पन्न होती हैं और विनाश को प्राप्त होती

हैं। इस प्रकार एक दूसरे के निमित्त से आत्मा और कर्म-प्रकृतियाँ - दोनों का बन्ध होता है। उस बन्ध से संसार होता है।

The (psychic states of) soul are produced and destroyed by the operation of various species of karmas. Also, various species of karmas are produced and destroyed by the (psychic states of) soul. In this way, the soul and various species of karmas get bonded to each other. This bond is the cause of worldly cycle of births and deaths.

---

ज्ञाता, दृष्टा, मुनि कैसे होता है?

**जा एस पयडीयट्ठं चेदगो ण विमुंचदि।**
**अयाणगो हवे तावं मिच्छादिट्ठी असंजदो।। (10-7-314)**

**जदा विमुंचदे चेदा कम्मफलमणंतयं।**
**तदा विमुत्तो हवदि जाणगो पस्सगो मुणी।। (10-8-315)**

जब तक यह आत्मा कर्मप्रकृति के निमित्त से होने वाले उत्पत्ति और विनाश को नहीं छोड़ता, तब तक वह अज्ञानी, मिथ्यादृष्टि और असंयत (रहता) है। जब आत्मा अनन्त कर्मफल को छोड़ देता है, तब वह बन्ध से मुक्त हुआ ज्ञाता, दृष्टा और संयत (हो जाता) है।

So long as the Self does not renounce this cycle of origination and destruction due to his association with various species of

karmas, till then he remains ignorant, wrong believer, and unrestrained. When the Self renounces the infinite fruits of karmas, he becomes free from karmas – knowledgeable, right believer, and restrained.

---

ज्ञानी कर्म-फल को जानता है -

**अण्णाणी कम्मफलं पयडिसहावट्ठिदो दु वेदेदि।**
**णाणी पुण कम्मफलं जाणदि उदिदं ण वेदेदि।।**

**(10-9-316)**

अज्ञानी प्रकृति के स्वभाव में स्थित हुआ (हर्ष, विषाद से तन्मय हुआ) कर्म के फल को भोगता है और ज्ञानी उदय में आये हुए कर्म के फल को जानता है, भोगता नहीं है।

The ignorant, engrossed in the nature of various species of karmas, enjoys the fruits of karmas (in the form of pleasure and pain), and the knowledgeable is aware of the fruits of karmas but does not enjoy them.

---

अभव्य अपने स्वभाव को नहीं छोड़ता -

**ण मुयदि पयडिमभव्वो सुट्ठु वि अज्झाइदूण सत्थाणि।**
**गुडदुद्धं पि पिबंता ण पण्णया णिव्विसा होंति।।**

**(10-10-317)**

अभव्य जीव शास्त्रों को भलीभाँति पढ़कर भी प्रकृति स्वभाव को नहीं छोड़ता। जैसे सर्प गुड़मिश्रित दूध को पीते हुए विषरहित नहीं होते।

The one incapable of attaining liberation, even though well-versed in scriptures, does not give up his attachment for various species of karmas, like a snake does not give up its poisonous nature even after drinking sweetened (jaggery-mixed) milk.

---

ज्ञानी कर्म-फल को नहीं भोगता -

**णिव्वेयसमावण्णो णाणी कम्मप्फलं वियाणादि।**
**महुरं कडुयं बहुविहमवेदगो तेण सो होदि।। (10-11-318)**

वैराग्य को प्राप्त ज्ञानी मधुर, कटुक अनेक प्रकार के कर्म-फल को जानता है, इसलिए वह कर्म-फल का भोक्ता नहीं हैं।

The knowledgeable, fixed in non-attachment, knows the sweet-bitter nature of the fruition of karmas; he, therefore, remains a non-enjoyer.

---

ज्ञानी पुण्य, पाप को जानता है -

**ण वि कुव्वदि ण वि वेददि णाणी कम्माइ बहुप्पयाराइं।**
**जाणदि पुण कम्मफलं बंधं पुण्णं च पावं च।।**
**(10-12-319)**

ज्ञानी बहुत प्रकार के कर्मों को न तो करता है, न भोगता ही है; किन्तु वह पुण्य और पापरूप कर्म–बन्ध को और कर्म–फल को जानता है।

The knowledgeable does neither produce nor enjoy the fruits of various kinds of karmas, but he knows the karmic bondages involving merit or demerit, and the results of their fruition.

---

ज्ञानी कर्ता भोक्ता नहीं है –

**दिट्ठी सयं पि णाणं अकारयं तह अवेदयं चेव।**
**जाणदि य बंधमोक्खं कम्मुदयं णिज्जरं चेव॥ (10-13-320)**

(जैसे) नेत्र (दृश्य से भिन्न होने से वह दृश्य को न करता है, न अनुभव करता है) उसी प्रकार ज्ञान (कर्म से भिन्न होने के कारण) स्वयं कर्मों का कर्ता नहीं है और उनका भोक्ता भी नहीं है। (वह तो) बन्ध, मोक्ष, कर्म के उदय और निर्जरा को जानता है।

***विशेष*** – अब इससे आगे ग्रन्थ के अन्त तक चूलिका का व्याख्यान करते हैं। (विशेष व्याख्यान, उक्त, अनुक्त व्याख्या अथवा उक्तानुक्त अर्थ का संक्षिप्त व्याख्यान (सार) चूलिका कहलाती है।)

Just like an eye, being different from the scene it is viewing, neither performs the scene nor enjoys it, similarly, knowledge, being different from the karmas, neither performs the karmas nor enjoys them. It only knows bondage, liberation, rise of karmas and their shedding.

***Note:*** Now onwards, till the end of this scripture, is contained the *chūlikā*. (A synopsis of explicit or inexplicit explanations and meanings of the subject matter is termed a *chūlikā*.)

---

कर्तृत्व मानने वालों को मोक्ष नहीं –

**लोगस्स कुणदि विण्हू सुरणारयतिरियमाणुसे सत्ते।**
**समणाणं पि य अप्पा जदि कुव्वदि छव्विहे काये।।**
**(10-14-321)**

**लोगसमणाणमेवं सिद्धंतं पडि ण दिस्सदि विसेसो।**
**लोगस्स कुणदि विण्हू समणाणं अप्पओ कुणदि।।**
**(10-15-322)**

**एवं ण को वि मोंक्खो दिस्सदि लोगसमणाणं दोण्हं पि।**
**णिच्चं कुव्वंताणं सदेवमणुयासुरे लोगे।। (10-16-323)**

लोक के मत में सुर, नारक, तिर्यञ्च और मनुष्य प्राणियों को विष्णु करता है और यदि श्रमणों के मतानुसार भी आत्मा छह काय के जीवों को (जीवों के कार्यों को) करता है तो इस प्रकार लोक ओर श्रमणों में सिद्धान्तों की दृष्टि से कोई अन्तर नहीं दीखता। लोक के मत में विष्णु करता है और श्रमणों के मत में आत्मा करता है। इस प्रकार देव, मनुष्य और असुर लोकों को सदा करते हुए (कर्ताभाव से प्रवर्त्तमान) लोक और श्रमण दोनों का भी कोई मोक्ष दिखाई नहीं देता।

According to ordinary people, *Viṣṇu* is the creator of celestial-,

infernal-, subhuman-, and human-beings. If the monks also believe that soul is the creator of six kinds of organic bodies (earth, water, fire, air, plants, and mobile beings), then there is no difference in the viewpoints of ordinary people and monks. In the opinion of ordinary people, *Viṣṇu* is the creator, and in the opinion of monks, soul is the creator. Thus, there seems to be no liberation for any of the two – ordinary people and monks – as they are ever engaged in the creation (karmic dispositions) of worlds – celestial, human, or infernal.

---

ज्ञानी की मान्यता –

**ववहारभासिदेण दु परदव्वं मम भणंति विदिदत्था।**
**जाणंति णिच्छयेण दु ण य मह परमाणुमेत्तमवि किंचि॥**

**(10-17-324)**

(अज्ञानी जन) व्यवहार नय से 'परद्रव्य मेरा है' ऐसा कहते हैं और पदार्थ के स्वरूप को जानने वाले ज्ञानी जन तो जानते हैं कि निश्चयनय से इस संसार में परमाणुमात्र कुछ भी मेरा नहीं है।

From the empirical point of view, (the ignorant) people call the non-self substance as their own, but knowledgeable people, who know the real nature of substances, say that, in reality, even an atom of alien substance is not theirs.

---

परद्रव्य को अपना मानने वाला ज्ञानी मिथ्यादृष्टि है -

**जह को वि णरो जंपदि अम्हाणं गामविसयणयरट्ठं।**
**ण य होंति ताणि तस्स दु भणदि य मोहेण सो अप्पा।।**
**(10-18-325)**

**एमेव मिच्छादिट्ठी णाणी णिस्संसयं हवदि एसो।**
**जो परदव्वं मम इदि जाणंतो अप्पयं कुणदि।।**
**(10-19-326)**

**तम्हा ण मे त्ति णच्चा दोण्हं एदाण कत्तिववसाओ।**
**परदव्वे जाणंतो जाणेज्जा दिट्ठिरहिदाणं।। (10-20-327)**

जैसे कोई पुरुष कहता है कि यह हमारा ग्राम, जनपद, नगर और राष्ट्र है किन्तु वस्तुत: वे उसके नहीं हैं, तथापि वह आत्मा मोह से ऐसा कहता है। इसी प्रकार जो ज्ञानी 'परद्रव्य मेरा है' यह जानता हुआ परद्रव्य को निजरूप कर लेता है, वह ज्ञानी नि:सन्देह मिथ्यादृष्टि है; इसलिए 'ये परद्रव्य मेरे नहीं हैं' यह जानकर लोक और श्रमण इन दोनों के परद्रव्य में कर्तृत्व के व्यवसाय को जानते हुए समझो कि यह व्यवसाय मिथ्यादृष्टियों का है।

A person may say that this village, town, city, or nation, is his, but, in reality, these do not belong to him; he utters such words only due to his delusion. In the same way, a person, who considers an alien substance to be his own, and then identifies himself with it, is, without doubt, a wrong believer. Therefore, believe that these alien substances do not belong to you, and that the involvement of the Self in creation of non-self substances, as

asserted by ordinary people and monks, is the view of the wrong believers.

---

भाव कर्म का कर्ता जीव है –

**मिच्छत्तं जदि पयडी मिच्छादिट्ठी करेदि अप्पाणं।**
**तम्हा अचेदणा दे पयडी णणु कारगा पत्ता।। (10-21-328)**

**अहवा एसो जीवो पोग्गलदव्वस्स कुणदि मिच्छत्तं।**
**तम्हा पोग्गलदव्वं मिच्छादिट्ठी ण पुण जीवो।।**
**(10-22-329)**

**अह जीवो पयडी तह पोग्गलदव्वं कुणंति मिच्छत्तं।**
**तम्हा दोहि कदं तं दोण्हि वि भुंजंति तस्स फलं।।**
**(10-23-330)**

**अह ण पयडी ण जीवो पोग्गलदव्वं करेदि मिच्छत्तं।**
**तम्हा पोग्गलदव्वं मिच्छत्तं तं तु ण हु मिच्छा।। (10-24-331)**

यदि (मोहनीय कर्म की) मिथ्यात्व प्रकृति आत्मा को मिथ्यादृष्टि करती है, इस मान्यता से तेरे मतानुसार अचेतन प्रकृति निश्चय ही मिथ्यात्व भाव की कर्ता हो गई; अथवा यह जीव पुद्गल द्रव्य के मिथ्यात्व को करता है, ऐसा माना जाए तो पुद्गल द्रव्य मिथ्यादृष्टि सिद्ध होगा, जीव नहीं; अथवा जीव तथा प्रकृति – ये दोनों पुद्गल द्रव्य को मिथ्यात्वरूप करते हैं, ऐसा मानने से दोनों के द्वारा किये गये मिथ्यात्व के

फल को वे दोनों ही भोगेंगे; अथवा न तो प्रकृति और न जीव पुद्गल द्रव्य को मिथ्यात्वरूप करता है, ऐसा मानने से पुद्गल द्रव्य को (मिथ्यात्व भाव का प्रसंग आ जाएगा); क्या वह वास्तव में मिथ्या नहीं है?

If you believe that karmic matter (of the nature of deluding karmas) makes the Self a wrong believer, then your belief amounts to attributing the non-conscious karmic matter the ability to create delusion in the Self. Or if you believe that the Self creates delusion in the physical substance, then your belief amounts to attributing wrong belief to the physical substance and not to the Self. If you believe that both, the Self and the nature of the karmic matter, create delusion in the physical substance, then they both must enjoy the fruits of their action. Further, your contention that neither the Self nor the nature of the karmic matter creates delusion in the physical substance will amount to attributing wrong belief to the physical substance; is it not really an erroneous belief?

---

कर्म ही कर्ता है, जीव नहीं, यह मिथ्या है –

**कम्मेहि दु अण्णाणी किज्जदि णाणी तहेव कम्मेहिं।**
**कम्मेहि सुवाविज्जदि जग्गाविज्जदि तहेव कम्मेहिं।।**

**(10-25-332)**

**कम्मेहि सुहाविज्जदि दुक्खाविज्जदि तहेव कम्मेहिं।**
**कम्मेहि य मिच्छत्तं णिज्जदि य असंजमं चेव।।**

**(10-26-333)**

**कम्मेहि भमाडिज्जदि उड्ढमहं चावि तिरियलोयं च।**
**कम्मेहि चेव किज्जदि सुहासुहं जेत्तियं किंचि।।**

**(10-27-334)**

**जम्हा कम्मं कुव्वदि कम्मं दे दि हरदि त्ति जं किंचि।**
**तम्हा सव्वे जीवा अकारगा होंति आवण्णा।।**

**(10-28-335)**

(पूर्व पक्ष-) 'कर्मों के द्वारा जीव अज्ञानी किया जाता है, उसी प्रकार कर्मों के द्वारा ज्ञानी होता है। कर्मों के द्वारा जीव सुलाया जाता है, उसी प्रकार कर्मों के द्वारा जगाया जाता है। कर्मों के द्वारा जीव सुखी होता है, उसी प्रकार कर्मों के द्वारा दुखी होता है। कर्मों के द्वारा जीव मिथ्यात्व और असंयम को प्राप्त होता है; और कर्मों के द्वारा जीव ऊर्ध्वलोक, अधोलोक और तिर्यग्लोक में भ्रमण करता है। कर्मों के द्वारा ही जो कुछ जितना शुभ और अशुभ है वह होता है; क्योंकि कर्म करता है, कर्म देता है, इस प्रकार जो कुछ है, उसे कर्म ही हरता है; इसलिए सभी जीव अकर्ता सिद्ध होते हैं।'

(The aforementioned belief amounts to –) 'The Self is made ignorant by the karmas and, likewise, he is made knowledgeable by the karmas. Karmas send the Self to sleep and, likewise, he is awakened by the karmas. Karmas make the Self happy and, likewise, he is made miserable by the karmas. It is by the karmas that the Self is brought to wrong belief and non-discipline, and is made to wander in the upper, middle, and lower worlds. All virtuous or wicked happenings are the handiwork of the karmas. Because the karma does, karma gives, and it is the karma that takes away; therefore, all souls are proved to be without any action.'

आत्मा को अकर्ता मानने का दुष्परिणाम -

**पुरिसित्थियाहिलासी इत्थीकम्मं च पुरिसमहिलसदि।**
**एसा आयरियपरंपरागदा एरिसीं दु सुदी॥**

**(10-29-336)**

**तम्हा ण को वि जीवो अबंभयारी दु तुम्हमुवदेसे।**
**जम्हा कम्मं चेव हि कम्मं अहिलसदि जं भणिदं॥**

**(10-30-337)**

**जम्हा घादेदि परं परेण घादिज्जदे य सा पयडी।**
**एदेणत्थेण दु किर भण्णदि परघादणामे त्ति॥**

**(10-31-338)**

**तम्हा ण को वि जीवोवघादगो अत्थि तुम्ह उवदेसे।**
**जम्हा कम्मं चेव हि कम्मं घादेदि जं भणिदं॥**

**(10-32-339)**

(पूर्वोक्त मत वाले यह भी मानते हैं कि-) 'पुरुष वेदकर्म स्त्री की अभिलाषा करता है, और स्त्री वेदकर्म पुरुष की अभिलाषा करता है, आचार्य-परम्परा से आई हुई ऐसी श्रुति है; इसलिए तुम्हारे मत में कोई भी जीव अब्रह्मचारी नहीं है।

क्योंकि जो दूसरे को मारता है और दूसरे के द्वारा मारा जाता है, वह भी कर्म है। इसी अर्थ में परघात नामकर्म कहा जाता है; इसलिए तुम्हारे मत में कोई जीव उपघात करने वाला नहीं है, क्योंकि कर्म ही कर्म को मारता है, यह कहा है।'

(It also amounts to –) 'The karmic matter of the nature of male

sex-passion creates a longing for woman and the karmic matter of the nature of female sex-passion creates a longing for man; this has come about from the ancient teachings of the *Āchāryas*, and, as per this doctrine, there is no soul which is unchaste.

Then, killing others and getting killed by others will also be attributed to the nature of karma. The name karma of injury by others *(parghāta)* implies this meaning, and, therefore, as per your doctrine, no soul can cause injury as it is only the material karma which kills the material karma.'

---

आत्मा को अकर्ता मानने वाले श्रमण नहीं हैं -

**एवं संखुवदेसं जे दु परूविंति एरिसं समणा।**
**तेसिं पयडी कुव्वदि अप्पा य अकारगा सव्वे।।**

**(10-33-340)**

(आचार्यदेव कहते हैं कि-) इस प्रकार सांख्यमत का ऐसा उपदेश जो श्रमण (श्रमणाभास) करते हैं, उनके मत में प्रकृति ही करती है और सब आत्मा अकारक है (ऐसा सिद्ध होता है)।

(Says the *Āchārya* –) If any monks preach such doctrine of the *Sāṃkhya* system, then, in their view, the material karmas do everything, and, hence, it follows that all souls are inactive.

---

अपेक्षा-भेद से आत्मा कर्ता और अकर्ता है -

**अहवा मण्णसि मज्झं अप्पा अप्पाणमप्पणो कुणदि।**
**एसो मिच्छसहावो तुम्हं एवं भणंतस्स।। (10-34-341)**

**अप्पा णिच्चासंखेज्जपदेसो देसिदो दु समयम्हि।**
**ण वि सो सक्कदि तत्तो हीणो अहियो व कादुं जे।।**
**(10-35-342)**

**जीवस्स जीवरूवं वित्थरदो जाण लोगमित्तं हि।**
**तत्तो सो किं हीणो अहियो य कदं भणसि दव्वं।।**
**(10-36-343)**

**अह जाणगो दु भावो णाणसहावेण अत्थि दे दि मदं।**
**तम्हा ण वि अप्पा अप्पयं तु समयप्पणो कुणदि।।**
**(10-37-344)**

अथवा (कर्तृत्व का पक्ष सिद्ध करने के लिए) ऐसा मानो कि मेरा आत्मा अपने द्रव्यरूप आत्मा को करता है। ऐसा कहने वाले तेरा यह मिथ्यात्व भाव है, क्योंकि परमागम में आत्मा को नित्य और असंख्यात प्रदेशी कहा गया है। आत्मा उससे हीन या अधिक नहीं किया जा सकता। विस्तार की अपेक्षा जीव का जीवरूप निश्चय से लोकमात्र जानो। आत्मा उससे क्या हीन अथवा अधिक होता है जो तू कहता है कि आत्मा ने द्रव्यरूप आत्मा को किया; अथवा अगर तेरा ऐसा मत है कि ज्ञायक भाव तो ज्ञानस्वभाव से स्थित है तो इससे भी आत्मा स्वयं अपने आत्मा को नहीं करता (यह सिद्ध होता है)।

Or (in order to substantiate your theory that the karmas do everything –) if you hold, “My soul transforms itself by itself,” then this opinion of yours is perverse thinking. Soul has been described in sacred scriptures as eternal and having innumerable points of space. The soul, on its own accord, is incapable of increasing or decreasing its spatial points. Know that, from the point of view of extension, the soul is coextensive with the universe. Since the soul, on its own accord, is incapable of increasing or decreasing its spatial points, how can you say that the soul transforms itself by itself? If you accept that the knowing substance exists with its knowing nature, then also it is established that the soul does not transform itself by itself.

---

वस्तु नित्यानित्यात्मक है -

**केहिचि दु पज्जयेहिं विणस्सदे णेव चि दु जीवो।**
**जम्हा तम्हा कुव्वदि सो वा अण्णो व णेयंतो।। (10-38-345)**

**केहिचि दु पज्जयेहिं विणस्सदे णेव केहिचि दु जीवो।**
**जम्हा तम्हा वेददि सो वा अण्णो व णेयंतो।। (10-39-346)**

**जो चेव कुणदि सो चेव वेदगो जस्स एस सिद्धंतो।**
**सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो।। (10-40-347)**

**अण्णो करेदि अण्णो परिभुंजदि जस्स एस सिद्धंतो।**
**सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो।। (10-41-348)**

क्योंकि जीव कितनी ही पर्यायों से नष्ट होता है और कितनी ही पर्यायों से नष्ट नहीं होता इसलिए (जो भोगता है), वही करता है या अन्य करता है, ऐसा एकान्त नहीं है; क्योंकि जीव कितनी ही पर्यायों से नष्ट होता है और कितनी ही पर्यायों से नष्ट नहीं होता; इसलिए (जो करता है), वही भोगता है अथवा अन्य भोगता है, ऐसा एकान्त नहीं है।

जो जीव करता है, वही भोगता है, जिसका यह सिद्धान्त है, वह जीव मिथ्यादृष्टि, आर्हत मत का न मानने वाला जानना चाहिये। कोई अन्य करता है, कोई अन्य भोगता है, जिसका ऐसा सिद्धान्त है, वह जीव मिथ्यादृष्टि, आर्हत मत का न मानने वाला जानना चाहिये।

Since from the point of view of some modifications, the soul dies, and from the point of view of some other modifications, the soul does not die, therefore, the one-sided view that the soul (that enjoys) is the same as the doer, or else, some other is the doer, is not tenable.

Since from the point of view of some modifications, the soul dies, and from the point of view of some other modifications, the soul does not die, therefore, the one-sided view that the soul (that acts) is the same as the enjoyer (of fruits thereof), or else, some other is the enjoyer, is not tenable.

The one who believes that the soul that acts is the same as the soul that enjoys is a wrong believer and does not have faith in the teachings of the Omniscient Lord.

The one who believes that the soul that acts is absolutely different from the soul that enjoys is a wrong believer and does not have faith in the teachings of the Omniscient Lord.

जीव परिणमन करता हुआ भी अन्य द्रव्यरूप नहीं होता -

**जह सिप्पिओ दु कम्मं कुव्वदि ण य सो दु तम्मओ होदि।**
**तह जीवो वि य कम्मं कुव्वदि ण य तम्मओ होदि॥**

**(10-42-349)**

**जह सिप्पिउ करणेहिं कुव्वदि ण य सो दु तम्मओ होदि।**
**तह जीवो करणेहिं कुव्वदि ण य तम्मओ होदि॥**

**(10-43-350)**

**जह सिप्पिउ करणाणि य गिण्हदि ण य सो दु तम्मओ होदि।**
**तह जीवो करणाणि य गिण्हदि ण य तम्मओ होदि॥**

**(10-44-351)**

**जह सिप्पिउ कम्मफलं भुंजदि ण य सो दु तम्मओ होदि।**
**तह जीवो कम्मफलं भुंजदि ण य तम्मओ होदि॥**

**(10-45-352)**

जैसे स्वर्णकार आदि शिल्पी कुण्डल आदि कर्म करता है, परन्तु वह उनसे तन्मय नहीं होता। उसी प्रकार जीव भी ज्ञानावरणादि पुद्‌गल कर्म को करता है, किन्तु वह उनसे तन्मय नहीं होता।

जैसे शिल्पी (स्वर्णकार आदि) हथौड़ा आदि उपकरणों से कुण्डल आदि बनाता है, किन्तु वह उनसे तन्मय नहीं होता। उसी प्रकार जीव भी मन-वचन-कायरूप करणों के द्वारा ज्ञानावरणादि कर्म करता है; किन्तु वह उनसे तन्मय नहीं होता।

जैसे स्वर्णकार आदि शिल्पी उपकरणों को ग्रहण करता है, किन्तु वह उनसे तन्मय नहीं होता; उसी प्रकार जीव भी मन-वचन-कायरूप करणों को ग्रहण करता है; किन्तु वह उनसे तन्मय नहीं होता।

जैसे स्वर्णकार आदि शिल्पी कुण्डलादि कर्मों के फल को भोगता है; किन्तु वह उस फल से तन्मय नहीं होता, उसी प्रकार जीव भी कर्म के सुख-दुःख रूप फल को भोगता है, किन्तु वह उस फल से तन्मय नहीं होता।

Just as an artisan (a goldsmith, for example), does his work to produce earrings etc. but does not become identical with it, so also the Self produces karmic matter like knowledge-obscuring karma, but does not become identical with it.

Just as an artisan (a goldsmith, for example), uses tools like a mallet to produce earrings etc. but does not become identical with them, so also the Self acts through the instruments of mind-, speech- and physical-activity to produce karmic matter like knowledge-obscuring karma, but does not become identical with them.

Just as an artisan (a goldsmith, for example), takes up tools but does not become identical with them, so also the Self adopts instruments of mind-, speech- and physical-activity but does not become identical with them.

Just as an artisan (a goldsmith, for example) enjoys the fruits of his work (earrings etc.) but does not become identical with the fruits, so also the Self enjoys the fruits of karmas (in the form of pleasure and pain) but does not become identical with them.

सूचनिका गाथा -

**एवं ववहारस्स दु वत्तव्वं दंसणं समासेण।**
**सुणु णिच्छयस्स वयणं परिणामकदं तु जं होदि।।**

**(10-46-353)**

इस प्रकार तो व्यवहार नय का मत संक्षेप में कहने योग्य है। आगे निश्चयनय का वचन सुनो, जो अपने परिणाामों के द्वारा किया हुआ होता है।

The above perspective, from the empirical point of view *(vyavahāra naya)*, is worth speaking; now listen to the transcendental point of view *(nişchaya naya)* which is the result of the modifications of the Self.

---

जीव अपने भावकर्मों में तन्मय होने से दुखी होता है -

**जह सिप्पिओ दु चेंट्ठं कुव्वदि हवदि य तहा अणण्णो सो।**
**तह जीवो वि य कम्मं कुव्वदि हवदि य अणण्णो सो।।**

**(10-47-354)**

